उज्जैन
शनिवार
28
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-143
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



चेहरा छुपाकर थिएटर पहुंचीं एक्ट्रेस यामी गौतम

# नेपाल के पूर्व पीएम केपी ओली गिरफ्तार

## Gen-Z प्रोटेस्ट के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप; इसमें 77 मौतें हुई थीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को पुलिस ने शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी पिछले साल हुए GEN-Z प्रोटेस्ट के मामले में हुई है।

यह कार्रवाई उस समय हुई, जब कल ही बालेन शाह ने नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली है। पुलिस के अनुसार, ओली को शनिवार सुबह भक्तपुर के गुंडु स्थित उनके घर से पकड़ा गया। वहीं, रमेश लेखक को सुबह करीब 5 बजे सूर्यविनायक से गिरफ्तार किया गया।

यह कार्रवाई गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद शुरू हुई जांच के आधार पर की गई है। एक जांच आयोग ने सुझाव दिया था कि इन नेताओं पर लापरवाही का केस चलाया जाए। इस मामले में 10 साल तक की सजा हो सकती है।



### गिरफ्तारी से पहले बालेन की अध्यक्षता में बैठक हुई

इस मामले की जांच एक आयोग ने की थी, जिसकी अगुआई पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की ने की। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि प्रदर्शन के दौरान हालात को संभालने में गंभीर लापरवाही हुई। रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने पहले से मिली चेतावनी (इंटेलिजेंस) के बावजूद सही कदम नहीं उठाए, जिससे हालात बिगड़ गए और कई लोगों की जान चली गई। गिरफ्तारी से पहले प्रधानमंत्री बालेन शाह की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में इस रिपोर्ट को लागू करने का फैसला लिया गया था। इसके बाद ही पुलिस ने यह बड़ा कदम उठाया। गिरफ्तारी के दौरान काठमांडू घाटी में सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी और पुलिस की कई टीमों को तैनात किया गया।

### ओली को मेडिकल जांच के बाद बटालियन में शिफ्ट किया जाएगा

ओली और रमेश लेखक को पुलिस जल्द ही आर्म्ड पुलिस फोर्स की महाराजगंज स्थित बटालियन नंबर-2 में शिफ्ट करेगी। दोनों नेताओं को गिरफ्तारी के बाद मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मेडिकल जांच पूरी होते ही दोनों को बटालियन में रखने की व्यवस्था कर ली गई है। यह कदम जारी कस्टडी प्रक्रिया के तहत उठाया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि महाराजगंज स्थित बटालियन नंबर-2 में दोनों नेताओं को रखने की पूरी तैयारी कर ली गई है। मेडिकल जांच के बाद उन्हें वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा।

## नेपाल में बालेन शाह सबसे युवा प्रधानमंत्री बने




नई दिल्ली। नेपाल में शुक्रवार को बालेन्द्र (बालेन) शाह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। 35 साल के बालेन देश के सबसे कम उम्र के पीएम बने। सांसद पद की शपथ के कुछ घंटे पहले उन्होंने रैप गाने के जरिए पहला संदेश जारी किया, जिसमें भ्रष्टाचार, सिस्टम बदलाव और युवाओं का जिक्र किया। उन्होंने अपने गीत में कहा कि एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इस बार इतिहास बन रहा है। बालेन की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 5 मार्च के चुनाव में जीत दर्ज की थी। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने कहा कि देश का भविष्य अब युवाओं के हाथ में है और नई सरकार से भ्रष्टाचार खत्म करने की उम्मीद है।

## रूस 1 अप्रैल से पेट्रोल एक्सपोर्ट पर बैन लगाएगा

नई दिल्ली। रूस ने 1 अप्रैल से पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर रोक लगाने का फैसला किया है। यह बैन 31 जुलाई तक रह सकता है। रूस के डिप्टी प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय को पेट्रोल निर्यात पर रोक का प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। रूसी सरकार का कहना है कि यह कदम देश में सप्लाई बनाए रखने और कीमतें न बढ़ें, इसके लिए उठाया जा रहा है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजराइल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्सन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

## ट्रम्प बोले- ईरान ने हमें 10 तेल टैंकर गिफ्ट किए



नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह उनकी तरफ से गिफ्ट है। इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा और 10 दिन की मोहलत दी गई है।

## स्पेन में पिता से कानूनी लड़ाई के बाद इच्छामृत्यु मिली

नई दिल्ली। स्पेन में 25 साल की नोएलिया कास्तिलो ने लंबी कानूनी लड़ाई के बाद इच्छामृत्यु के जरिए गुरुवार को अपना जीवन खत्म कर लिया। नोएलिया को इच्छामृत्यु के लिए अपने पिता से भी कानूनी लड़ाई लड़ना पड़ी क्योंकि वे इसके विरोध में थे। बार्सिलोना की रहने वाली नोएलिया का 2022 में एक फैसिलिटी सेंटर में 3 युवकों ने रेप किया था। इसके बाद नोएलिया ने आत्महत्या की कोशिश की और पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। हालांकि वह इस घटना में बच गईं, लेकिन उन्हें रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट लगी, जिसके कारण वह कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गईं। इसके बाद से वह लगातार शारीरिक दर्द और मानसिक तनाव से जूझ रही थीं। नोएलिया ने 2024 में इच्छामृत्यु के लिए आवेदन किया था, जिसे कैटेलोनिया सरकार ने मंजूरी भी दे दी थी।

## कौशांबी में पिकअप ट्रेलर में घुसी, 8 की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कौशांबी में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 29 लोग घायल हैं। सभी प्रयागराज से मुंडन कराकर अपने घर फतेहपुर जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि घायल पिकअप से उछलकर सड़क पर जा गिरे। काफी देर तक जमीन पर पड़े तड़पते रहे। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को फोन किया, साथ ही खुद भी घायलों को संभाला। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया है। 27 घायलों का इलाज जिला अस्पताल और उल्ठ में चल रहा है। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे नेशनल हाईवे पर डोरमा के पास हुआ। सीएम योगी ने मृतकों के घरवालों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने भी हादसे पर दुख जताया है।

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर हिंसा

## पत्थरबाजी में कई घायल दुकानों में आगजनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज में रामनवमी जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर हिंसा हुई। इस दौरान दुकानों में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। इस दौरान कई लोग घायल भी हुए।

विवाद की शुरूआत रघुनाथगंज-फुलतला ट्रैफिक मोड़ पर हुई। यहां कुछ लोगों ने सड़क किनारे लगे एक होर्डिंग पर चढ़कर उसपर लगा केसरिया झंडा हटा दिया। इससे जुलूस में शामिल लोग भड़क गए और हालात बेकाबू हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि भीड़ ने भगवा ध्वज को अपमानजनक ढंग से नीचे उतारा और फेंक दिया। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने इसकी वीडियो शेयर कर लिखा- यह भगवा ध्वज और सनातन धर्म का अपमान है। बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण, 23 अप्रैल को मुर्शिदाबाद सहित 16 जिलों की 152 विधानसभा सीटों पर वोटिंग है। मुर्शिदाबाद बंगाल के सबसे संवेदनशील इलाकों में शामिल है। यहां जनवरी 2026 में हिंसा में एक प्रवासी मजदूर की मौत हुई थी।

## श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच, 7 की मौत, 12 से ज्यादा वाहन 6 फीट बर्फ में दबे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर-लेह हाईवे पर शुक्रवार दोपहर 4 बजे एवलांच आया। जोजिला पास के जीरो प्वाइंट के पास इस हादसे में 12 से ज्यादा वाहन 6 फीट से ज्यादा बर्फ में दब गए। हादसे में 7 लोगों की मौके पर मौत हुई है। पुलिस के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। 5 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। सड़क से मलबा और बर्फ हटाने का काम जारी है। अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में भारी बारिश की संभावना है। बिहार में कुछ जगहों पर आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। 29 मार्च- हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और दिल्ली में 50-60 स्त्रँ की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है। बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और उत्तराखंड में बिजली के साथ आंधी-तूफान की संभावना है।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विधायकों में हाथापाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को लेकर प्रदर्शन हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता खामेनेई की तस्वीर लेकर सदन के अंदर पहुंचे और समर्थन में नारेबाजी की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओ ने खामेनेई के पोस्टर भी लहराए।

इस बीच, सदन में कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच धक्का-मुक्की का भी वीडियो सामने आया। हालांकि, ये विवाद भाजपा नेताओं के राहुल पर कमेंट को लेकर था। कांग्रेस विधायक इरफान हाफिज पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे लगा रहे थे। जवाब में भाजपा विधायक युद्धवीर सेठी ने कहा, राहुल गांधी पप्पू हैं। इसके बाद दोनों नेताओं में हाथापाई होने लगी। वहीं, ईरान युद्द पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा- ईरान पर यह युद्ध थोपा गया। मानवता की हत्या हुई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा, हम ईरान के साथ खड़े हैं। हमारी पार्टी और जम्मू-कश्मीर की सरकार उनके साथ खड़ी है। जैसे उट उमर अब्दुल्ला ने पिछली बार सिविल सोसाइटी में अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की निंदा की थी।

## सरकार ने 2.38 लाख करोड़ के रक्षा प्रस्ताव मंजूर किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में करीब 2.38 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस प्रस्ताव में आर्मी, एयरफोर्स और कोस्ट गार्ड के लिए कई अहम सिस्टम और प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर पियर्सिंग टैंक गोला-बारूद, हाई कैपेसिटी रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम को मंजूरी मिली। वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक 55 प्रस्ताव मंजूर कर चुका है, जिनकी कुल लागत 6.73 लाख करोड़ रुपए है। इसी दौरान 503 डिफेंस डील साइन हुईं, जिनकी कीमत 2.28 लाख करोड़ रुपए है। सरकार के मुताबिक यह किसी एक वित्त वर्ष में अब तक का सबसे बड़ा रक्षा खरीद और मंजूरी का आंकड़ा है। इंडियन कोस्ट गार्ड के लिए हेवी ड्यूटी एयर कुशन व्हीकल्स (होवरक्राफ्ट) को मंजूरी मिली। इनका उपयोग तटीय गश्त, सर्च एंड रेस्क्यू और लॉजिस्टिक्स सपोर्ट में होगा।

होवरक्राफ्ट ऐसा वाहन है जो जमीन, पानी, कीचड़ और बर्फ हर सतह पर चल सकता है। यह नीचे हवा का दबाव (एयर कुशन) बनाकर सतह से थोड़ा ऊपर उठता है, इसलिए घर्षण कम होता है।

## अमेरिका ने ईरान पर 850 टॉमहॉक मिसाइलें दागीं

### अमेरिकी हथियारों के जखीरे का अहम हथियार माना जाता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक चार हफ्तों में 850 से ज्यादा मिसाइलें दागी गईं। अनुमान है कि अमेरिकी नौसेना के पास लगभग 4,000 टॉमहॉक मिसाइलें थीं। अगर यह सही है तो टॉमहॉक मिसाइलों का करीब एक चौथाई हिस्सा खत्म हो चुका है। रक्षा मंत्रालय के भीतर इसको लेकर चिंता बढ़ गई है। एक टॉमहॉक बनाने में करीब 2 साल लग सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार कमी पूरी करने में कई साल लगेंगे।

टॉमहॉक अमेरिका की खास क्रूज मिसाइल है। यह 1,000 मील (1609 किमी) तक उड़कर 1,000 पाउंड (453 किलो) विस्फोटक सटीक निशाने पर गिरा सकती है। इसके एडवांस वर्जन की रेंज 2500 किमी है।



टॉमहॉक का बड़े पैमाने पर पहला इस्तेमाल 1991 के खाड़ी युद्ध में हुआ। अमेरिका ने इराक पर दूर से सैकड़ों मिसाइलें दागीं। इसे रिमोट वार कहा गया, क्योंकि पहली बार इतनी सटीक और लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलें इस्तेमाल हुईं। टॉमहॉक को समुद्र में मौजूद युद्धपोतों और पनडुब्बियों से भी दागा जा सकता है, जिससे दुश्मन के इलाके में घुसे बिना हमला संभव हो जाता है।

## निरंजनी अखाड़े में माता स्वरूपा कन्या पूजन, संतो का समागम एवं भंडारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर रोड स्थित स्थित श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा में धार्मिक आस्था और परंपरा के साथ कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज सहित संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। संतो एवं श्रद्धालुओं ने नवदुर्गा स्वरूप कन्याओं का पूजन कर लिया आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में संतों ने कन्याओं के चरण पूजकर उन्हें चुनरी, प्रसाद एवं उपहार भेंट किए। रवींद्र पुरी महाराज ने स्वयं कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया और कहा कि सनातन परंपरा में कन्या को देवी का स्वरूप माना जाता है।

इस अवसर पर रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि हिंदू सनातन धर्म सभी को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि अखाड़ा परिषद ने हमेशा सर्व समाज को जोड़ने का कार्य किया है और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया। रवींद्र पुरी महाराज ने जानकारी दी कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल लाकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। यह आयोजन धार्मिक आस्था और परंपरा का विशेष प्रतीक होगा। धार्मिक आयोजनों से बढ़ती है सामाजिक सद्भावना कार्यक्रम के अंत में संतों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, एकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं। कन्या पूजन जैसे आयोजन न केवल परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। रवींद्र पुरी महाराज ने बताया कि अखाड़ा परिषद द्वारा विभिन्न वर्गों से संतों को सम्मानित कर महामंडलेश्वर एवं जगतगुरु जैसे पदों पर प्रतिष्ठित किया गया है, जिससे समाज में समरसता और समानता का भाव मजबूत हुआ है। इस अवसर पर जूना अखाड़े के विद्या भारती जी महाराज, आहान अखाड़े के सेवानंद गिरी जी, महानिर्वाणी के मुकुंदपुरी जी महंत सुरेश्वरानंदपुरी, महंत देवगिरी जी, महंत प्रणवा नंद जी, ऋणमुक्तेश्वर महादेव के महंत महावीर नाथ जी, सहित अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता गोविंद सोलंकी समन्वयक डॉ. राहुल कटारिया, हेमंत सेन, सहित साधु महात्मा एवं हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। संध्या में सुंदरकांड पाठ हुआ एवं देर रात तक यहां महाप्रसादी का दौर चला।

## रामनवमी पर शहरभर में धार्मिक आयोजनों की रही धूम

**उज्जैन।** रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को शहर में धार्मिक आस्था का व्यापक वातावरण देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, वहीं कई स्थानों पर कन्या भोज के आयोजन भी किए गए। शहर के प्रमुख मंदिरों जैसे हरसिद्धि माता मंदिर, गढ़कालिका माता मंदिर, भूखी माता मंदिर और विभिन्न राम मंदिरों में विशेष भीड़ देखी गई।

# गोटड़ा माताजी भविष्यवाणी: गंभीर बीमारी, अच्छी बारिश होगी; किसानों को गेहूं, सोयाबीन के बेहतर दाम मिलेंगे





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खाचरौद तहसील के गोठड़ा गांव स्थित अति प्राचीन महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि की नवमी पर पंडा नागूलाल चौधरी ने वार्षिक भविष्यवाणी की। यह परंपरा लगभग 150 वर्षों से चली आ रही है, जिसे सुनने के लिए दूर-दूर से 15 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। भविष्यवाणी में गंभीर बीमारी और भूकंप के संकेतों के साथ अच्छी बारिश और किसानों के लिए बेहतर फसल मूल्यों की बात कही गई। भविष्यवाणी के अनुसार, इस वर्ष देश में किसी गंभीर बीमारी का प्रभाव देखा जा सकता है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, हनुमान जी की पूजा-अर्चना और हवन से इस बीमारी का प्रकोप कम होने की संभावना जताई गई है। इसके अतिरिक्त, देश में भूकंप का असर भी रहने की आशंका व्यक्त की गई है।

### अच्छी बारिश के संकेत

मौसम के संबंध में, इस साल अच्छी बारिश के संकेत दिए गए हैं और तेज हवाएं भी चलेंगी। वर्ष के दौरान 6 से 7 'मावठे' (बारिश के दौर) आने की संभावना व्यक्त की गई है, जो खेती के लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

### बारिश की शुरूआत में करें बुआई

किसानों के लिए राहत भरी खबर भी है। भविष्यवाणी में गेहूं के अच्छे दाम मिलने की संभावना जताई गई है, जबकि सोयाबीन और लहसुन के भाव भी मजबूत रहेंगे। खेती-किसानी के लिए मंगलवार तेरस का दिन शुभ बताया गया है। साथ ही, बारिश शुरू होते ही बुआई करना लाभदायक रहेगा।

### 15 हजार लोग भविष्यवाणी सुनने पहुंचे

इस वर्ष भी मंदिर परिसर में लगभग 15 हजार से अधिक लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक, पूर्व विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं में इस वार्षिक भविष्यवाणी के प्रति गहरी आस्था देखी गई।

### चौड़ीकरण को लेकर वार्ड-1 में विरोध तेज

# सड़क पर उतरी कांग्रेस, पारदर्शिता की मांग के बीच बढ़ा राजनीतिक दबाव


**प्रदर्शन के दौरान भेरूगढ़ स्थित शनि मंदिर से उन्हेल चौराहे तक पैदल मार्च निकाला गया**

**प्रशासनिक अधिकारियों के देर से पहुंचने पर हुए नाराज**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर विवाद एक बार फिर उभरकर सामने आया है। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 1 में इस मुद्दे पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने स्थानीय नागरिकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों के निर्धारित समय से देर से पहुंचने पर नाराज भाटी सड़क पर बैठ गए, जिससे स्थिति और अधिक गरमा गई।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि चौड़ीकरण की कार्रवाई बिना पर्याप्त संवाद, नोटिस और पुनर्वास योजना के की जा रही है। उनका कहना है कि वर्षों से रह रहे परिवारों को हटाने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था और उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसे



लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली को मनमानी और गरीब विरोधी बताया गया।

प्रदर्शन के दौरान भेरूगढ़ स्थित शनि मंदिर से उन्हेल चौराहे तक पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें स्थानीय रहवासी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वार्ड पार्षद निकिता परमानंद भी प्रदर्शन में मौजूद रहीं। तहसीलदार मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लिया और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महासचिव अजय राठौर, पार्षद निकिता मालवीय, परमानंद मालवीय, अभिषेक शर्मा, राहुल लोट, हिमांशु शुक्ल, श्याम जटिया, चंदू यादव, असरार मामू, भास्कर लोट, नारायण काका, मिथिलेश परमार, विजय भाटी, सीमा जोशी आदि उपस्थित थे।

# आचार्य पद की आराधना और 36 गुणों की व्याख्या की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नवपद ओली आराधना के तीसरे दिन आचार्य विश्वरत्नसागर मसा ने आचार्य पद की आराधना कराई। आचार्य पद की महिमा बताई और 36 गुणों की व्याख्या की। सुबह 6 बजे आराधक शहनाई वादकों के साथ झालरिया मठ से पैदल खाराकुंआ मंदिर पहुंचे। सिद्धचक्र भगवान के समक्ष तीसरे आचार्य पद की आराधना हुई।

कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट संजय नाहर के अनुसार लाभार्थी परिवार के जयंतीभाई ने परिवार सहित मूलनायक भगवान श्री ऋषभदेव का पक्षाल और सिद्धचक्र भगवान का पूजन किया। आयंबिल की व्यवस्था में बदलाव किया गया। सभी आराधकों को टोकन दिए गए। तीन शिफ्ट में सातापूर्वक आयंबिल करवाए गए। दोपहर के प्रवचन में आचार्य विश्वरत्नसागर मसा ने सभी गच्छों के आचार्यो चंद्राननसागर मसा, नवरत्नसागर सूरीश्वर मसा, मोहनखेड़ा समाधिस्थ राजेंद्र सूरीश्वर मसा, आचार्य दिवाकर सूरी मसा के गुणों का स्मरण किया। जिनशासन के प्रति उनके उपकार बताते हुए कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं होता।

जीवन में सद्गुरु की शरण जरूरी है। इससे आत्मा का कल्याण होता है। संगीतकार देवेंद्र पंवार ने सुमधुर आवाज में प्रभु भक्ति प्रस्तुत की। झालरिया मठ के संचालक रूपनारायण झंवर, राधेश्याम कांकाणी, स्टाफ ने लाभार्थी बाबूलाल धनराज डोडिया गांधी परिवार का बहुमान किया। अभ्युदयपुरम के ट्रस्ट मंडल, नवरत्न परिवार, ऋषभदेव छगनीरामजी पेढ़ी ट्रस्ट मंडल, समाजजन, महिला मंडल, लाभार्थी परिवार ने सेवाएं दीं। शनिवार को उपाध्याय पद की आराधना, आयंबिल और संगीतमय वंदनावली और गुरुदेव के प्रवचन होंगे।

# श्रद्धालुओं को सुविधाएँ उपलब्ध कराने में नहीं रखी जाएगी कोई कमी : मुख्यमंत्री

## शिप्रा नदी पर निमार्णाधीन घाटों का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को शिप्रा नदी पर निर्माणधीन घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अंगारेश्वर और श्री सिद्धवट के मध्य शिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का अवलोकन भी किया। ये घाट आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित घाटों के लगभग 200 मीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तथा सुविधाजनक स्थानों पर टॉयलेट बनाए



जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख घाटों पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुविधा घर विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घाटों के आसपास श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए लगभग 500 मीटर की दूरी पर सीढ़ियाँ या अन्य पहुँच मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, जिससे मुख्य घाटों तक पहुंचना आसान हो सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री सिद्धवट और श्री अंगारेश्वर मंदिर के बीच निमार्णाधीन पुल का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि पुल के निर्माण से दोनों प्रमुख धार्मिक स्थलों के बीच आवागमन सुगम होगा और श्रद्धालुओं को एक वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा। घाटों पर स्नान के लिए लगभग 5 मीटर चौड़ा घाट तैयार किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं के आने-जाने के साथ बैठने की भी पर्याप्त सुविधा उपलब्ध होगी।

उज्जैन
शनिवार
28
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।
अर्थः अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

# इंदौर में कार ने स्कूटी सवार 2 दोस्तों को उड़ाया

## उछलकर 30 फीट दूर गिरे, परिजन बोले- हत्या हुई; घायल की 20 दिन बाद शादी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





मध्य प्रदेश के इंदौर में तेज रफ्तार कार ने एक्टिवा सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। दोनों युवकों के सिर और शरीर पर चोटें आई हैं। घटना कैमरे में कैद हो गई। मामला तुकोगंज थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान खजराना निवासी 23 वर्षीय अनस अब्बासी के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक का नाम जुबेर (32) बताया गया है। जुबेर के दोनों पैर फैक्चर गए हैं। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार देर रात करीब ढाई बजे एमजी रोड पर टक्कर इतनी भयंकर थी कि दोनों युवक हवा में उछलकर कार के ऊपर से करीब 30 फीट दूर फुटपाथ पर जा गिरे। वहीं स्कूटी पूरी तरह चकनाचूर हो गई। वहीं कार भी डैमेज हुई है। फुटेज में दिख रहा है कि दो युवक स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार उनके पास से गुजरती है और उन्हें उड़ा देती है। दोनों युवक जमीन पर गिरकर खून से लथपथ हो जाते हैं। टक्कर मारने के बाद कार सवार फरार हो जाता है। अनस अब्बासी अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। फोटोग्राफी का काम करता था। उसके पिता की दो साल पहले बीमारी से मृत्यु हो चुकी थी। घायल जुबेर कार डेकोरेशन का काम करता है। उसकी शादी करीब 20 दिन बाद तय है। हादसे के बाद परिजन बुरी तरह सदमे में हैं। हादसे के बाद मृतक के परिजन गुलरेज ने बताया कि भतीजा रात करीब ढाई बजे चाय पीने गया था, तब हादसा हुआ। उनके मुताबिक उन्हें घटना संदिग्ध लगी है और भतीजे की हत्या की गई हो सकती है। उन्होंने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। तुकोगंज टीआई जितेंद्र यादव ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। कार पुलिस के कब्जे में है। आरोपी फरार है। जांच में सामने आया है कि कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगी थी। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# इंदौर में एसी फिटिंग के दौरान किशोर की मौत

## बिना सेफ्टी बेल्ट-हेलमेट काम करवा रहे थे, ठेकेदार और बिल्डिंग मालिक पर एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमजी रोड थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय किशोर की जान चली गई। स्नेहलतागंज स्थित श्री हरि बिल्डिंग में अउ लगाने के दौरान किशोर ऊंचाई से गिर गया। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक मृतक नैतिक उर्फ नारायण (15) पिता कमल चौहान, कुलकर्णी का भट्टा क्षेत्र का रहने वाला था। वह ठेकेदार मुकेश मोर्य के साथ अउ फिटिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह बिल्डिंग से नीचे गिर गया।

जांच में सामने आया है कि नैतिक नाबालिग था, इसके बावजूद उससे ऊंचाई पर काम कराया जा रहा था। काम के दौरान उसकी सुरक्षा के लिए न तो सेफ्टी बेल्ट दी गई थी और न ही हेलमेट पहनाया गया था। पुलिस का कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता तो इस हादसे को टाला जा सकता था। मामले में ठेकेदार मुकेश मोर्य और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।




### सुनसान सड़क पर हमला, युवक को पीटकर मोबाइल-नकदी लूटी

इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में देर रात एक युवक से लूट की वारदात सामने आई है। एक्टिवा सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने रास्ता रोककर पहले मारपीट की और फिर मोबाइल, बैग व नकदी लूटकर फरार हो गए।

पुलिस के मुताबिक फरियादी राहुल सिंह लोधी, जो वर्तमान में कुशवाह नगर क्षेत्र में रहते हैं, रात करीब 1:40 बजे इंदौर कॉन्वेंट स्कूल के पास से गुजर रहे थे। तभी पीछे से आए एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने उनकी गाड़ी के सामने वाहन लगाकर रास्ता रोक लिया।

आरोपियों ने राहुल से सामान देने को कहा। मना करने पर तीनों ने उनके साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की, जिससे उनके होंठ के अंदर चोट आई। इसके बाद बदमाशों ने उनका काले रंग का बैग छीन लिया, जिसमें कपड़े, आधार कार्ड और पैन कार्ड रखा था।

इतना ही नहीं, आरोपियों ने उनकी जेब में रखे 3 से 4 हजार रुपए और हाथ में रखा मोबाइल फोन भी छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।

# इंदौर में 23 साल के ड्राइवर ने लगाई फांसी, परिजनों का आरोप- प्रेमिका के परिवार की धमकियों से परेशान था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

चंदन नगर थाना क्षेत्र स्थित शालीमार कॉलोनी में 23 वर्षीय युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों ने युवती के परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पुलिस के मुताबिक मृतक राम प्रजापत के छोटे भाई ने बताया कि रात में सब कुछ सामान्य था, लेकिन वह थोड़ा परेशान नजर आ रहा था। सुबह करीब 11 बजे तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन उसे उठाने पहुंचे। कई बार आवाज देने के बाद भी जवाब नहीं मिला, जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। अंदर देखा तो राम फंदे पर लटका हुआ था।

परिजनों के अनुसार राम का पास की कॉलोनी में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग था। शिवरात्रि के दिन युवती के परिजन घर आए थे और गाली-गलौज कर विवाद किया था। इसके बाद से ही राम तनाव में रहने लगा था। भाई ने बताया कि होली के दौरान युवक के मोबाइल पर युवती का मैसेज आया था, जिसमें शादी नहीं करने पर जहर खाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद युवती के भाई और उसके साथियों ने भी विवाद किया था। परिवार का कहना है कि इस मामले में उन्होंने पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना से एक दिन पहले युवती के पिता घर आए थे और करीब आधे घंटे तक अपशब्द कहकर दबाव बनाते रहे। इससे राम काफी डर गया था

## कोलकाता की कंपनी ने दर्ज कराया कॉपीराइट एक्ट में केस

# ग्रीन टच और सेंचुरीप्लाई के नाम पर नकली प्लाय बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र में नकली प्लायवुड बेचने के मामले में कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि नामी ब्रांड से मिलते-जुलते नाम का इस्तेमाल कर ग्राहकों को भ्रमित किया जा रहा था और अवैध रूप से आर्थिक लाभ कमाया जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक कोलकाता निवासी चेतना खन्ना (47) ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि उनकी कंपनी ह्यग्रीन टच (ग्रीन टच लेमिनेट्स)ह्न के नाम से मिलते-जुलते नाम का उपयोग कर इंदौर के जवाहर मार्ग स्थित देहली ट्रेडिंग कंपनी द्वारा प्लायवुड बेचा जा रहा था।



इसके अलावा सेंचुरीप्लाई ब्रांड से मिलते-जुलते नाम का उपयोग कर ज्योति प्लाईवुड द्वारा भी ग्राहकों को भ्रमित करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार इससे उनकी कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा है।

मामले में राजवंत सिंह पुत्र जसवीर सिंह निवासी जावरा कम्पाउंड सहित संबंधित फर्मों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट 1957 की धारा 51 और 63 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में बड़ी मात्रा में नकली प्लायवुड मिलने की भी बात सामने आई है।

इंदौर के एरोड्रम थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिंगापुर सिटी क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से सट्टा खेलते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में रितेश, योगेश, शेखर, पंकज, दिनेश, प्रदीप, महेश और शिवराम शामिल हैं। सभी आरोपी मौके पर सट्टा संचालित करते पाए गए और पुलिस को वहां से सट्टे का पूरा हिसाब-किताब भी मिला है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 मोबाइल फोन, 7 कैलकुलेटर, लाखों रुपए के सट्टे की लिखापढ़ी वाली डायरियां और 16,700 रुपए नगद जब्त किए हैं।

## खबर एक नजर...

### मुख्यमंत्री के इंदौर प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां जारी

इन्दौर : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 29 मार्च को इंदौर में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियां जारी है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने अधिकारियों के दल के साथ दशहरा मैदान पहुँचकर कार्यक्रम आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी तैयारियां निर्धारित समय के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को व्यवस्था संबंधी दायित्व भी सौंपे। उल्लेखनीय है कि दशहरा मैदान में संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री वर्मा के भ्रमण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### अंतर्राज्यीय संगठित गिरोह से जुड़े प्रकरणों की जांच के लिए एसआईटी गठित

मध्यप्रदेश के अशोकनगर, इंदौर (शहर एवं देहात), खरगोन एवं भोपाल जिलों के थानों में दर्ज अंतर्राज्यीय संगठित आपराधिक प्रकरणों की प्रभावी जांच के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। एसआईटी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसटीएफ श्री श्रीनिवास वर्मा के पर्यवेक्षण में कार्य करेगी। एसआईटी का प्रभार पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक (रेल) भोपाल श्री राहुल कुमार लोढ़ा को दिया गया है। एसआईटी में पुलिस अधीक्षक एसटीएफ भोपाल श्री राजेश सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक एसटीएफ इंदौर श्री नवीन कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक एटीएस मुख्यालय भोपाल श्री वैभव श्रीवास्तव, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (रेडियो) श्री सुधीर कनोजिया, एसटीएफ मुख्यालय भोपाल के उप पुलिस अधीक्षक श्री सूर्यकांत अवस्थी, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती दिव्या सिंह राजावत, कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक श्री महेन्द्र सिंह चौहान एवं कार्यवाहक उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती योगिता साटनकर को सदस्य बनाया गया है।

### महावीर जन्म कल्याणक पर रथयात्रा पूर्व भव्य नवकारसी

महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर आयोजित होने वाली रथयात्रा के पूर्व इस वर्ष भी नवकारसी (गौतम प्रसादी) का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन एवं प्रदेश समन्वयक सौरभ कोठारी ने बताया कि श्वेतांबर जैन आचार्य गुरुभगवंतों के आह्वान पर रथयात्रा मार्ग में खाद्यान्न वितरण न हो–इस परंपरा का निर्विघ्न पालन सुनिश्चित करने का संकल्प संगठन ने लिया है। उन्होंने बताया कि इसी संकल्प के तहत श्वेतांबर जैन महासंघ के तत्वावधान में 31 मार्च को रथयात्रा उत्सव के पूर्व, संपूर्ण सकल श्रीसंघ के लिए राजवाड़ा स्थित शिवविलास पैलेस में प्रातः 7:45 बजे से रथयात्रा प्रारंभ होने तक नवकारसी (गौतम प्रसादी) का आयोजन रखा गया है।

## खबर एक नजर...

### हेलीपेड पर लघु वेतन कर्मचारी संघ ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने 25 मार्च को पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। संघ के उज्जैन जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भगवान महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों ने कर्मचारी हितैषी नारे लगाकर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इसी अवसर पर उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल का भी महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। साथ ही संघ के सदस्यों ने सुल्तान सिंह शेखावत से भी शिष्टाचार भेंट की।

जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि स्वागत अवसर पर जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, भाजपा जिला मंत्री वर्षा कच्छवाय, जिला सचिव मुकेश रायकवार, उज्जैन संभाग कोर कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र भाटी, उज्जैन संभाग व जिला अध्यक्ष मो. गुलशन मंसूरी और विभागीय अध्यक्ष रवि चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भगवान महाकाल को नासिक के भक्त ने अर्पित किए चंद्रमा और त्रिपुंड

**उज्जैन।** अवंतिकानाथ राजाधिराज भगवान श्री महाकालेश्वर को नासिक निवासी भक्त अजिंक्य गोडसे ने दो लाख रुपये मूल्य के चंद्रमा और त्रिपुंड अर्पित किए हैं। भक्त ने श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के समक्ष उपस्थित होकर भगवान के श्रृंगार की यह सामग्री भेंट की। समिति द्वारा दानदाता की ओर से यह सामग्री विधिवत रूप से प्राप्त की गई।

### भगवान का भव्य श्रृंगार और अभिषेक

**उज्जैन।** शहर के जयसिंहपुरा स्थित श्री अभिराम मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान का भव्य श्रृंगार, अभिषेक और पूजन किया गया। श्री अभिराम आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन के पश्चात कन्या भोजन भी कराया गया। श्री अभिराम आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष एवं संचालक आचार्य आशुतोष ने जानकारी दी।

**लगातार दूसरे वर्ष हुआ आयोजन, कन्या पूजन व भंडारे में उमड़े श्रद्धालु, स्वच्छता दूत का हुआ सम्मान**

# रामघाट पर आस्था का संगमः स्वर्णिम भारत मंच का तीन दिवसीय राम प्राकट्य उत्सव उल्लास के साथ संपन्न





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मोक्षदायिनी शिप्रा के तट रामघाट स्थित रामेश्वर महादेव मंदिर में रामनवमी के पावन अवसर पर स्वर्णिम भारत मंच के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राम प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उत्सव के अंतिम दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सामूहिक राम स्तुति की और महाआरती के पश्चात कन्या पूजन व विशाल राम प्रसादी (भंडारा) में शामिल होकर धर्मलाभ लिया।

स्वर्णिम भारत मंच के दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि रामघाट पर कई वर्षों से ऐसे बड़े आयोजनों का अभाव था। भगवान राम में गहरी आस्था के चलते मंच द्वारा लगातार दूसरे वर्ष इस पुनीत कार्य का सफल प्रयास किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, वनवास के दौरान प्रभु श्रीराम अवंतिका नगरी पधारे थे और इसी तट पर उन्होंने पिता दशरथ का पिंडदान किया था। शास्त्रों में उल्लेख है कि यहां रामेश्वर महादेव की स्थापना भी भगवान राम ने स्वयं की थी। इसी पावन स्थल पर स्थित श्रीराम मंदिर के शिखर का जीर्णोद्धार कर यह आयोजन किया गया।

मंच के पुष्पेंद्र बारकिया ने बताया कि उत्सव के प्रथम दिन स्वस्तिवाचन के साथ मां शिप्रा का पूजन-अर्चन और दूसरे दिन सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तीसरे दिन रामनवमी पर सैकड़ों रामभक्तों ने सामूहिक राम स्तुति की। पुरोहित रितेश गुरु ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि जहां स्वयं प्रभु राम के चरण पड़े थे, उसी पावन रामघाट पर रामनवमी के दिन कन्या पूजन व प्रसादी का सफल आयोजन हुआ। यह संपूर्ण आयोजन 21 विद्वान आचार्यों के सानिध्य में संपन्न हुआ। राम स्तुति एवं पूजन रामेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पं. अम्रतेष त्रिवेदी, पं. रितेश त्रिवेदी, पं. मोहित त्रिवेदी और पं. ऋषभ त्रिवेदी द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर रामघाट पर स्वच्छता को अपना जीवन समर्पित करने वाले मुकेश सारवान का अतिथियों द्वारा विशेष सम्मान किया गया। आयोजन में महेश पुजारी, अनामिका श्रीवास्तव, आकाश सोनी, अनिल चंदेल, विजेता बारकिया, पूजा त्रिवेदी, श्वेता श्रीवास्तव, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, मनीष गहलोत, संदीप व्यास, चेतन श्रीवास्तव, वर्षा श्रीवास्तव, पूनम व्यास और मीनाक्षी शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मौनतीर्थ में रामनवमी पर हुई आध्यात्मिक चर्चा और राम ध्यान

### महामंडलेश्वर के सानिध्य में हुआ महाभिषेक व पूजन, देशभर से पहुंचे श्रद्धालु

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

श्री मौनतीर्थ पीठ में रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी डॉ. सुमनानंद गिरि महाराज के सानिध्य में भगवान का महाभिषेक और विधि-विधान से पूजन किया गया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान के बाद भगवान श्रीराम की भव्य महाआरती की गई। आयोजन में शामिल होने के लिए मुंबई, उल्हासनगर, सूरत और अहमदाबाद सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही पीठ परिसर में भक्तों का आना शुरू हो



गया था। अनुष्ठान के पश्चात स्वामीजी के सानिध्य में आध्यात्मिक चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा और धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद उपस्थित सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से राम ध्यान किया, जिससे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम का समापन भोजन प्रसादी वितरण के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## गुजराती सेन समाज का 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन में 36 जोड़ों ने लिए सात फेरे

### नवदंपतियों को मिला गृहस्थी का उपहार

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज कल्याण समिति और युवा संगठन के तत्वावधान में 41वां सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक न्याय परिसर में संपन्न हुआ। इस आयोजन में 36 नवदंपतियों का पाणिग्रहण संस्कार कराया गया, जिसमें मध्यप्रदेश और राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा और सम्मेलन प्रभारी मनीष गोयल ने बताया कि आयोजन भरत भाटी और सम्मेलन अध्यक्ष बाबूलाल परमार के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्रीराम और सेन महाराज के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की गई। नवदंपतियों को कन्यादान में सोने के दाने का मंगलसूत्र, चांदी की बिछिया, अलमारी, सोफा सेट, डबल बेड, बर्तन, प्रेशर कुकर और बिस्तर सेट सहित अन्य सामग्री उपहार में भेंट की गई। सम्मेलन में उज्जैन, इंदौर, देवास, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, नीमच और राजस्थान के झालावाड़ से आए 36 जोड़े शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक महेश परमार, निगम सभापति कलावती यादव और विश्वविद्यालय कार्य परिषद सदस्य राजेशसिंह कुशवाह उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद सुशील श्रीवास, वरिष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अशोक सोलंकी और युवा प्रदेशाध्यक्ष बालकृष्ण वर्मा मौजूद थे।

आयोजन में लखन वर्मा, भरत वर्मा, संतोष वर्मा सांवेर, संजय वर्मा लोद, शैलेन्द्र वर्मा, राजेश लक्की, विक्रम भाटी, शिव भाटी, जितेन्द्र राठौर, सोहन भाटी, जितेन्द्र बालाजी, विष्णु वर्मा, शंकर चौहान, सागर सेन, संदीप वर्मा, दीपक वर्मा, विजय रॉयल, ओम वर्मा रूलकी, अशोक वर्मा पर्व, ओम वर्मा, पंकज वर्मा, दिनेश दानीगेट, संजय रंथभंवर, संजय चौहान, राजेश गहलोत, परमानंद सेन, महेश भाटी, कांतिलाल परमार, अशोक परमार, सचिन भाटी, राहुल भाटी, नाना भाटी, मनोज परमार, गोविन्द वर्मा, ओम रंथभंवर, मिथिलेश सेन और हेमंत सेन सहित हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए।

कार्यक्रम का संयुक्त संचालन दुगार्शंकर देवड़ा और महेंद्र वर्मा बाहुबली ने किया। अंत में आभार जीतेंद्र सेन सारोला ने माना।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वार्ड 21 व 22 में शुरूआत, नागरिकों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प**

# 84 महादेव के श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए खुले 'जल मंदिर' प्याऊ

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, नगर विकास समिति वार्ड 21 व 22 और अवनीश्री जनकल्याण एवं शिक्षण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। गर्मी के मौसम में राहगीरों व श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वार्ड 21 और 22 में इनकी स्थापना की गई है।

संस्था अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पेयजल





उपलब्ध कराने के साथ ही जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। वार्ड 21 में मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के समीप प्याऊ खोला गया है, जिससे वैशाख माह में 84 महादेव की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। वहीं, वार्ड 22 में गणगौर दरवाजे के पास प्याऊ शुरू किया गया है, जहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवप्रसाद मालवीय ने जल सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कार्य बताते हुए इस प्रयास की सराहना की। जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन का आधार है, इसलिए हर व्यक्ति को जल बचाने व इसके संवर्धन के लिए संकल्पित होना चाहिए।

इस अवसर पर सर्वसहाय वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील बारोड, मंडल उपाध्यक्ष उत्तम दुबे, समाजसेवी पूनम दुबे, समिति सदस्य प्रिया व्यास, ज्योति व्यास, आशी जोशी, रक्षा पालीवाल, अनीता शास्त्री, दीपिका जोशी और भावना आर्य सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### दंपति को बाइक चालक ने मारी टक्कर, पत्नी की मौत

**उज्जैन।** झारड़ा थाना क्षेत्र के खटीक मोहल्ला में रहने वाले राहुल पिता पूनमचंद्र 30 साल और उसकी पत्नी खूशबु 25 साल की बाइक को गुरूवार-शुक्रवार रात घर लौटते समय नई कालोनी के पास महिदपुररोड पर बिना नम्बर की बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में दंपति गंभीर घायल हो गये थे। जिन्हे उपचार के लिये उज्जैन लाया गया था। खूशबु की हालत नाजुक होने पर उसे शुक्रवार को इंदौर रैफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजन खुशबू का शव वापस चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद लाश पोस्टमार्टम कक्ष भेजकर कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। डायरी झारड़ा थाना पुलिस को जांच के लिये भेजी जायेगी।

### बंधक संपति पर कब्जा करने वालों पर केस दर्ज

उज्जैन। गृहम हाऊसिंग फायनेंस कंपनी से होम लोन प्राप्त कर किश्त जमा करने पर फायनेंस कंपनी द्वारा बंधक बनाई गई संपत्ति के ताले तोड़कर कब्जा करने वालों के खिलाफ माकडोन पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। आरोपीगण ग्राम मोयाखेड़ी, नांदेड और भैरूपुरा नांदेड के रहने वाले है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार थाना क्षेत्र के ओर भी ऐसे मामले सामने आ रहे है। कुछ मामले न्यायालय में चल रहे है। संभवतः ऐसे 15 से 20 मामले ओर सामने आ सके है। जिनके खिलाफ फायनेंस कंपनियों द्वारा प्रकरण दर्ज कराये जा सकते है।

### रास्ते के पुराने विवाद में 2 पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

उज्जैन। महिदपुररोड थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलियाभीम में गुरूवार-शुक्रवार रात शैतानसिंह पिता अंतरसिंह सौंधिया और भारत पिता राघुसिंह सौंधिया के बीच खेत के रास्ते को लेकर चले आ रही पुरानी रंजीश में विवाद हो गया। दोनों परिवारों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों परिवारों के लोग घायल हो गये। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। बताया जा रहा है कि पूर्व में दोनों की बीच मारपीट हो चुकी थी।

### युवक की मौत के मामले में कार चालक पर केस दर्ज

उज्जैन। 19 मार्च को ग्राम पंथपिपलाई में स्वीफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 04 सीव्हाय 2745 के चालक ने लापरवाही से चलते हुए मारूति सुजुकी कार क्रमांक एमपी 09 बीए 4963 के साथ बुलेट क्रमांक एमपी 13 एफक्यू 7634 को टक्कर मार दी थी। घटनाक्रम में मारूति सुजुकी क्षतिग्रस्त हो गई थी। वहीं बुलेट सवार देवेन्द्र पिता गुज्जुलाल मोहने और आकाश पिता अरविंद शर्मा निवासी इंदौर गंभीर घायल हो गये थे।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 279-7 | 179-7 |
| मेन बाजार | 264-2 | 600-6 |
| मिलन डे | 299-0 | 246-2 |
| मिलन नाइट | 344-1 | 139-3 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 9 | 0 |

## घायलों को खिड़की के कांच तोड़कर निकाला, 8 को लगी गंभीर चोंट

# उज्जैन में बारातियों से भरी बस पलटी, 15 घायल





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

इंगोरिया में शुक्रवार सुबह 11 बजे निमार्णाधीन मार्ग से तेजगति में गुजरती बारातियों से भरी बस पलट गई। हादसे के बाद खिड़की के कांच तोड़कर उसमें सवार लोगों को बाहर निकाला गया। घटनाक्रम में 15 से 20 लोग घायल हुये। जिसमें 8 को ज्यादा चोंट लगने पर उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया।

इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि थाना क्षेत्र के उन्हेल-जहांगीरपुर मार्ग पर सुबह जाफरी टूर एंड ट्रेवल्स की बस सड़क मार्ग से नीचे उतरने के बाद पलटने की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बस में सवार लोगों को बाहर निकालने के लिये आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। बस की खिड़की के कांच तोड़े गये और लोगों को बाहर निकाला गया। करीब 18 से 20 लोगों को चोंट लगी थी, जिन्हे तत्काल एम्बुलेंस और निजी वाहनों के साथ डायल 112 से समीप सामुदायिक केन्द्र पहुंचाया गया। जहां अधिकांश घायलों की हालत खतरे से बाहर होना बताई गई। पांच को ज्यादा चोंट होने पर डॉक्टरों ने उन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल उज्जैन रैफर कर दिया। बस में सवार सभी मुस्लिम परिवार के सदस्य और रिश्तेदार थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि खाचरौद के रहने वाले है और मोहम्मद शेरू पिता मजीद हुसैन के बेटे वकार का निकाह होने पर इंदौर जा रहे थे। थाना प्रभारी के अनुसार घटनाक्रम के बाद चालक भाग निकला था, जिसके खिलाफ लापरवाही से बस चलाकर लोगों की जान जोखिम में डालने का प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि घायलों में सबसे अधिक बच्चे और महिलाएं शामिल है। बस में करीब 50 से 55 लोग सवार थे। हादसे के बाद चिल्ला-पुकार मच गई थी। आसपास के लोग मदद के लिये पहुंचे थे। जिन्होने लोहे की सीढ़ीनुमा जाली को सहारा बनाकर बस में सवार महिला और बच्चो को नीचे उतारा। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के एसडीएम, एसडीओपी, सीएमएचओ, बीएमओ सामुदायिक केन्द्र पहुंच गये थे। बारातियों से भरी बस के पीछे दुल्हा कार में सवार होकर आ रहा था। हादसे के बाद उन्होने कार रोक ली और परिवार के घायल सदस्यों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद की। सभी अस्पताल पहुंचाने के बाद दुल्हा और परिवार के कुछ सदस्य निकाह के लिये इंदौर रवाना हो गये थे।

## 1 अप्रैल को कालिदास अकादमी में सजेगा 53वां टेपा सम्मेलन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक अप्रैल, अंतर्राष्ट्रीय मूर्ख दिवस पर कालिदास अकादमी में आयोजित होने वाले मालवा की हास्य-व्यंग्य संस्कृति को समर्पित, अखिल भारतीय टेपा सम्मेलन में स्व. श्रीमती शकुंतला मोहनलाल शर्मा स्मृति टेपा सम्मान प्रख्यात समाजसेवी नरेश शर्मा को एवं कला संकेत टेपा सम्मान ख्यात चित्रकार डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को प्रदान किया जाएगा।

टेपा सम्मेलन के सचिव मनीष शर्मा ने बताया कि 53वें टेपा सम्मेलन में प्रसिद्ध चित्रकार दीपक शर्मा द्वारा स्थापित स्व. श्रीमती शकुंतला मोहनलाल शर्मा स्मृति टेपा सम्मान प्रख्यात समाजसेवी नरेश शर्मा को एवं कला संकेत टेपा सम्मान ख्यात चित्रकार डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को प्रदान किया जा रहा है। कानूनविद स्व. बालकृष्ण उपाध्याय स्मृति टेपा सम्मान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट डॉ. आदिश सी. अगरवाला को और स्व. अशोक ब्रजलाल जायसवाल स्मृति टेपा सम्मान वृक्ष मित्र समिति के अध्यक्ष अजय भातखंडे को प्रदान किया जाएगा।

## मां शिप्रा की भव्य आरती, लिया जल संरक्षण का संकल्प

### 'नव शक्ति से नव भक्ति' की थीम पर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 'नव शक्ति से नव भक्ति' की थीम पर रामघाट स्थित पुण्य सलिला शिप्रा के तट पर भव्य आरती और विधिवत पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं और कार्यकताओं ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। यह आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड 21 और 22 तथा अवनिश्री जनकल्याण एवं शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका पूनम उत्तम दुबे ने बताया कि आयोजन का शुभारंभ मां शिप्रा के पूजन-अर्चन से हुआ। उपस्थित जनों ने जल को जीवन का आधार मानते हुए इसके संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन की शपथ ली। 'नव शक्ति से नव भक्ति' के संदेश के साथ पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। मप्र जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। समाज के प्रत्येक वर्ग को इस अभियान से जुड़कर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। आयोजन में पं. निक्कू दुबे द्वारा मां शिप्रा का पूजन व भव्य आरती संपन्न करवाई गई। अंत में सभी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अवनिश्री जन कल्याण संस्था की अध्यक्ष प्रियंका जोशी, सर्व सहाय फाउंडेशन के चयनित नवांकुर सुनील बारोड, अनीता शास्त्री, ज्योति व्यास, रक्षा पालीवाल, आयुषी दुबे, अवनी जोशी और परामर्शदाता पूर्णिमा गहलोत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## शराब की ऑनलाइन डिलेवरी देने निकाला युवक पकड़ाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माधवनगर थाना क्षेत्र के दशहरा मैदान से गुरूवार-शुक्रवार रात बाइक क्रमांक एमपी 09 वीसी 3347 पर सवार युवक को एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने अपनी टीम के साथ चैकिंग के दौरान पकड़ा। उसके पास बेग में देशी, विदेशी शराब के क्वार्टर बरामद होना पाये गये। पूछताछ करने पर युवक का नाम राजाराम पिता बंसतीलाल निवासी ग्राम चिकली बड़नगर मार्ग सामने आया। शराब संबंधित दस्तावेज नहीं होने पर युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। एएसआई गौतम के अनुसार शराब के साथ पकड़ाया युवक फूड डिलेवरी का काम करता है।

जिसकी आड़ में उसने शराब की डिलेवरी देना शुरू कर दिया था। शहर में शराब प्रतिबंधित होने पर अब शहर में घर पहुंच शराब पहुंचाने का काम शुरू हो चुका है। इससे पहले बुधवार को पंवासा थाना पुलिस ने जीवनपुरखेड़ा मार्ग से ओला कंपनी की बिना नम्बर की स्कूटी पर सवार आनंद उर्फ रूद्र चौहान निवासी पुष्पांजलि नगर को गिरफ्तार किया था। वह भी शराब की डिलेवरी देने का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि कुछ युवकों द्वारा शराब का सेवन करने वालों के नम्बर प्राप्त कर लिये है।

जो शहर के बाहरी क्षेत्रों से शराब खरीदकर लाते है और फोन कॉल पर शराब घरों तक पहुंचाते है। ऐसा ही एक मामला आबकारी विभाग ने भी कुछ दिनों पहले पकड़ा था। माधवनगर थाना क्षेत्र के गोपालपुरा में एक मकान पर दबिश देकर 1 लाख से अधिक की शराब बरामद की थी। मकान से महिला को पकड़ा गया था। जो पति के साथ मिलकर लोगों को फोन कॉल पर शराब उपलब्ध कराने का काम करती थी। उसका पति आबकारी दबिश के बाद से फरार चल रहा है।

### पत्नी घर लौटी तो पति के गले में दिखा फंदा

**उज्जैन।** डी मार्ट गई पत्नी बच्चों के साथ घर लौटी तो पति के गले में रस्सी का फंदा दिखाई दिया। पति जमीन पर पड़ा था। आधी रस्सी ऊपर पंखे से बंधी थी। आसपास के लोगों की मदद से पति को अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

मामला वाल्मिकी कालोनी का होना सामने आया है। यहां रहने वाला दिलीप पिता बाबूलाल रूसी 45 साल विक्रम विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। गुरूवार शाम उसकी पत्नी बच्चों के साथ डी मार्ट गई थी। रात 10.30 बजे वापस लौटी तो उसने पति दिलीप को जमीन पर पड़ा देखा। पति के गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था। वहीं आधी रस्सी ऊपर पंखे से बंधी थी। दिलीप ने फांसी लगाई थी और रस्सी टूटने पर गिर गया था। पत्नी आसपास के लोगों की मदद से रात में अस्पताल लेकर पहुंची। इस दौरान डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के समय परिजनों ने बताया कि दिलीप 3 सालों से किडनी की बीमारी से परेशान था। उसका हर माह डायलिसीस होता था, वह बीमारी से तंग आ चुका था।

## भाई के जेल में बंद होने का मैसेज भेज ठगे 1 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

होटल में काम करने वाले युवक को भाई के जेल में बंद होने का मैसेज भेज 1 लाख रुपए मांगे गये। युवक ने भाई को छुड़ाने के लिये ऑनलाइन रूपयों का ट्रांजेक्शन कर लिया। धोखाधड़ी का आभास होने पर होटल कर्मचारी ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।

माधवनगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि टॉवर चौक पर बनाना लीफ रेस्टोरेंट में रविन्द्र पिता नानूलाल यादव निवासी बिहार हाल मुकाम टॉवर चौक काम करता है।

पश्चिम रेलवे – रतलाम

एस एंड टी सामग्री की आपूर्ति स्थापना परीक्षण और कमीशनिंग

**निविदा संख्या :** SnT_RTM_26_07_SIGNAL. **दिनांक : 25.03.2026.** निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एण्ड टी) पश्चिम रेलवे रतलाम, के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** रतलाम मंडल नीमच– चित्तौड़गढ़ डबल लाइन सेक्शन पर शंभुपुरा–गंभीरी रोड़ स्टेश्नों के बीच इंटरमीडिएट ब्लॉक सिंग्नलिंग (आईबीएस) का प्रावधान के शेष कार्य के संबंध में एसएंडटी सामग्री की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹10,485,790.32/–, **बयाना राशि :** ₹209,800.00/–, **निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 20/04/2026 समय 15.00 बजे तक। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 20/04/2026 समय 15:30 बजे के बाद। **कार्य पूरा करने की अवधि :** 09 माह। **निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभारी और बोली खोलने का स्थान :** सीनियर डीएसटीई रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र.। निविदा सिर्फ ऑनलाईन ई–निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर देखा व जमा किया जा सकता है।

**SNP-521**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम

विभिन्न कार्य

**संख्या : W/623/5/3/NIT.** दिनांक : 24.03.2026, मंडल रेल प्रबंधक/मंडल कार्यालय (कार्य–लेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम, के लिये "खुली निविदा" ई–निविदा के माध्यम से वेबसाईट : www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है। **ई–टेंडरिंग :** RTM-2025-26-202, **कार्य का नाम :** रतलाम डिविजन– डीईएन/डब्ल्यू/रतलाम के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दैनिक ट्रैक रखरखाव के लिए भारतीय रेल के विभिन्न डिपो/स्टेशनों/स्थानों से जीडीए–एनएडी खंड के एनएडी डिपो और विभिन्न स्टेशनों तक विभिन्न प्रकार की पथ सामग्री जैसे रेल्स, स्लीपर्स, फिटिंग्स, स्विच, क्रॉसिंग, ग्लूइड ज्वाइंट, एसईजे आदि का परिवहन। **अनुमानित मात्रा :** निविदा सूची के अनुसार, **अनुमानित लागत :** ₹4,28,34,535.08/–, **बयाना राशि :** ₹8,56,700/–, **कार्य समापन अवधि :** 36 माह, **समान प्रकार के कार्य :** कोई परिवहन कार्य/सिविल इंजीनियरिंग/ट्रैक कार्य। **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि :** 23.03.2026, **निविदा खुलने की तिथि :** 17.04.2026, • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**SNP-520**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

## खबर एक नजर...

### राजाराम जी महाराज के जन्मोत्सव पर निकला भव्य चल समारोह, सर्वसमाज ने किया ऐतिहासिक स्वागत

उज्जैन। रामनवमी के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश युवा आंजना समाज के तत्वावधान में श्री श्री 1008 राजाराम जी महाराज के जन्मोत्सव पर शहर में विशाल चल समारोह निकाला गया। शहर के प्रमुख मार्गों से निकले इस जुलूस में प्रदेशभर से हजारों की संख्या में समाज के युवा और वरिष्ठजन शामिल हुए।

केसरिया साफे पहने युवाओं, ढोल-नगाड़ों और भजनों की गूंज के साथ निकली यात्रा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पूरे मार्ग में युवाओं द्वारा लगाए गए 'जय श्री राम' के जयकारों ने आमजन का ध्यान आकर्षित किया। शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और सर्वसमाज के प्रबुद्धजनों ने जगह-जगह मंच लगाकर पुष्पवर्षा की और पूरी गर्मजोशी के साथ यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान शहर में सामाजिक समरसता, एकता और आपसी सौहार्द की सुंदर झलक देखने को मिली।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के बड़े भाई, समाजसेवी एवं कुश्ती संघ के अध्यक्ष नारायण यादव और विशेष अतिथि के रूप में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए समाज की एकजुटता को प्रेरणादायक बताया। चल समारोह के समापन के पश्चात पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ राजारामजी महाराज की महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

आयोजन की सफलता पर मध्य प्रदेश युवा आंजना समाज के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह आँजना (भेरूखेड़ा) ने कहा कि यह आयोजन पूरी धर्मनगरी की आस्था का प्रतीक है। उन्होंने दूर-दराज से पधारे हजारों युवा साथियों, मार्गदर्शन देने वाले वरिष्ठजनों, स्वागत करने वाले सभी समाजबंधुओं एवं शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सर्वसमाज का असीम प्रेम और सहयोग ही इस आयोजन की असली सफलता है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है।

### लगातार 8वीं तक 'ए' ग्रेड हासिल कर मनीषा ने बढ़ाया मान

उज्जैन। शहर की होनहार छात्रा मनीषा राजपूत ने अपनी लगन और मेहनत से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक लगातार 'ए' ग्रेड प्राप्त करने वाली मनीषा ने वर्ष 2026 की परीक्षा में 79 अंक अर्जित कर अपने परिवार और समाज का गौरव बढ़ाया है। अपनी इस सफलता पर मनीषा ने संस्कारों का परिचय देते हुए अपनी शिक्षिका निधि शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मान किया। शिक्षिका के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेते हुए मनीषा ने कहा कि उनका लक्ष्य अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करना है। वह अपने माता-पिता और प्रदेश का नाम विश्व स्तर पर रोशन करना चाहती हैं। छात्रा के पिता हरिश सिंह चौहान (मनीष सिंह चौहान) ने बेटी की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि मनीषा बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही है।

# धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून बने, आदिवासी पहचान बचाना राष्ट्रीय जिम्मेदारी: सांसद सोलंकी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने संसद के उच्च सदन में जनजातीय समाज से जुड़े एक अत्यंत संवेदनशील विषय को उठाते हुए देशभर में जबरन धर्मांतरण पर रोक लगाने के लिए कठोर केंद्रीय कानून बनाने की मांग की है। उन्होंने सभापति महोदय के माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है, किन्तु छल, बल, प्रलोभन या दबाव के माध्यम से किया गया धर्मांतरण एक गंभीर अपराध है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

सांसद डॉ. सोलंकी ने कहा कि आज जनजातीय क्षेत्रों में सुनियोजित तरीके से धर्मांतरण की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसमें आर्थिक लालच, शिक्षा, नौकरी, इलाज तथा सामाजिक दबाव जैसे माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान के लिए खतरा है, बल्कि सामाजिक संतुलन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि आदिवासी समाज सदियों से अपनी परंपराओं, संस्कृति और सनातन मूल्यों के साथ जुड़ा रहा है, किन्तु वर्तमान में धर्मांतरण के कारण इनकी मूल पहचान पर संकट उत्पन्न हो गया है। गांवों में सामाजिक तनाव भी लगातार बढ़ रहा है, जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत है।

डॉ. सोलंकी ने यह भी कहा कि कई राज्यों में धर्मांतरण रोकने के लिए कानून बने हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद पूरे देश में एक समान और प्रभावी केंद्रीय कानून की आवश्यकता है, जिससे इस समस्या पर ठोस नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने सुझाव दिया कि जबरन एवं प्रलोभन देकर किए गए धर्मांतरण के विरुद्ध कड़े दंड का प्रावधान होना चाहिए। साथ ही, जो व्यक्ति धर्मांतरण कर चुके हैं, उन्हें जनजातीय आरक्षण के दायरे से बाहर किया जाए, ताकि वास्तविक पात्रों के अधिकारों की रक्षा हो सके।

सांसद ने संविधान के अनुच्छेद 342 में आवश्यक संशोधन की मांग भी रखी, जिससे जनजातीय समाज के हितों को और अधिक सशक्त किया जा सके। डॉ. सोलंकी ने 24 मार्च 2026 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित दिए गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इसी प्रकार की स्पष्ट व्यवस्था जनजातीय समाज के लिए भी लागू की जानी चाहिए। अंत में उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा और पहचान की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा जबरन धर्मांतरण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए।

## नव नियुक्त नगर कांग्रेस अध्यक्षगणो का किया स्वागत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पिपलियामंडी

नगर कांग्रेस अध्यक्ष पिपलीया किशोर उणियारा, मल्हारगढ़ कोहिनूर मेव, नारायणगढ़ सुभाष पाटीदार की नियुक्त पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता के नेतृत्व में ज्योतिबा फुले चैराहे पर पुष्पमाला व आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,जिला कांग्रेस के प्रभारी मनोज जी राजानी,जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुरामजी सिसौदिया का आभार माना। इस मौके पर नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लियाकत मेव,अजित कुमठ,सचिव किशनलाल चौहान,महेंद्र गेहलोत, दिलीप मोहनलाल गुप्ता, किशन लाल चौहान,अनिता खोखर, किशोर टेलर कनघट्टी, पार्षद बाबूभाई मंजूरी, किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार,सरफराज मेव,अशोक कोहली,नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष द्वय रामप्रसाद फरक्या, गोपाल भारती,विष्णु फरक्या पंकज बोराना,मंडलम अध्यक्ष कैलाशबंगारिया,जितेंद्र कापडिया, दिनेश गुप्ता काचरिया ,छोटेलाल सैनी,राजेन्द्रसिंह चंगेरी, सुरेंद्रसिंह शक्तावत, सुनील भगत, बरखेड़ा पन्थ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर, बद्रीलाल उणियारा, उदयराम आदि उपस्थित थे।

### सर सैयद अहमद की 128वीं पुण्यतिथि पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

उज्जैन। महान समाज सुधारक और अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद की 128वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सेंट मदार कॉन्वेंट स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी के सचिव धर्मेंद्र राठौर और संरक्षक सैयद अबीद अली मीर ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से खेल, साहित्य, शिक्षा, राजनीति, समाज सेवा और विज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में सही उत्तर देने वाले प्रतिभावान प्रतियोगियों को संस्था की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज जायसवाल ने की। अतिथि के रूप में शिक्षाविद दरकशा खान, मध्य प्रदेश हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी इकबाल हुसैन, रीना तिवारी, नाजिया अहमद, पूजा चौहान, शकील खान, शिक्षाविद मीनू भार्गव, नासिर मंसूरी, जाहिद नूर एडवोकेट और अनीस अहमद उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन इकबाल उस्मानी ने किया।

# वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन की साधारण सभा में लंबित लाइसेंसों के नवीनीकरण को लेकर उठाई आवाज

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, बकाया किराया और कमीशन दिलाने की मांग,

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्यप्रदेश निजी वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डी.पी. भाईजी के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में वर्ष 2024-25 का बकाया किराया और वर्ष 2025-26 की कमीशन राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में बिंदुवार समस्याएं बताते हुए उल्लेख किया गया है कि विगत पांच माह का स्कंध का मासिक किराया और गेहूं उपार्जन सेवा सहकारी संस्थाओं एवं निजी वेयरहाउस स्तरीय खरीदी केंद्र की एक वर्ष से लंबित कमीशन राशि तत्काल अविलंब दिलाई जाए। इसके अलावा, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल स्तर पर लंबित वेयरहाउसों के लाइसेंस का नवीनीकरण जल्द स्वीकृत कराने की मांग की गई।

एसोसिएशन ने बताया कि वर्तमान में उज्जैन जिले के 10 और रतलाम जिले के 5 लाइसेंस लंबित हैं, जिन्हें शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए। पुराने गेहूं के उठाव और ट्रांसपोर्ट की मनमानी पर रोक लगाने, 1 अप्रैल 2026 से गेहूं उपार्जन के लिए जेवीएस योजना के तहत ऑफर और तौल केंद्र स्थापित करने की भी मांग रखी गई ताकि किसानों को परेशानी न हो। साथ ही, वेयरहाउस स्तरीय खरीदी केंद्रों पर संचालकों की कमीशन राशि 13.50 रुपये प्रति क्विंटल करने का आग्रह किया गया।

ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक जगदीशचंद्र लड्डा, उपाध्यक्ष पंकज जैन, संयोजक गुड्डू नागोरी, मुकेश पाटीदार, दरबार सिंह सोलंकी, नारायण पाटीदार, उमंग जैन, ओमप्रकाश पाटीदार और राधेश्याम गेहलोत आदि उपस्थित थे।

इससे पूर्व, एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक सुराना पैलेस में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल कादर पटेल थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डी.पी. भाईजी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश पाटीदार और संरक्षक जगदीशचंद्र लड्डा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री गणेश के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

बैठक में दीपक धामारीकर, अखिलेश, धनीराम रायकवार, कय्यूम नागोरी और अखिलेश धबाई ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण राधेश्याम गेहलोत ने दिया। संचालन पंकज जैन ने किया तथा आभार गुड्डू नागोरी ने माना। उक्त जानकारी एसोसिएशन के सचिव भीमसिंह पंवार ने दी।

# उज्जैन में ट्रैफिक व्यवस्था राम भरोसे: चौराहों से पुलिस नदारद, ठेलों के कब्जे से बढ़ रहा हादसों का खतरा

### सीसीटीवी निगरानी के दावों की पोल खुली, रामघाट और हरिफाटक ब्रिज पर केवल बाहरी वाहनों के चालान काटने में जुटी यातायात पुलिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दिनों-दिन बद से बदतर होती जा रही है। शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था संभालते हुए नजर नहीं आती, जिसके कारण यातायात भगवान भरोसे चल रहा है। कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन कैमरों से यातायात नियंत्रण नहीं हो रहा है, बल्कि इनका उपयोग केवल नियम तोड़ने वालों के चालान बनाने तक सीमित रह गया है।

शहर के मुख्य चौराहों से नदारद रहने वाली ट्रैफिक पुलिस केवल रामघाट और हरिफाटक ब्रिज जैसे कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही दिखाई देती है। यहां भी उनका मुख्य ध्यान शहर के बाहर से आने वाले वाहनों को रोककर चालान बनाने पर होता है। नागरिकों का मानना है कि चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी किसी वार्ड के पार्षद से भी ज्यादा जरूरी है, ताकि व्यवस्था सुचारू रहे और आम जन को परेशानी न हो।

### सड़कों पर ठेलों का कब्जा, निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल

पूरे शहर में हाथ ठेलों के कारण लगने वाला ट्रैफिक जाम अब एक आम समस्या बन गया है। कंठाल चौराहे से गोपाल मंदिर मार्ग तक अतिक्रमण और छोड़े गए साइकबैक में अवैध पार्किंग के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़कों पर ठेले वालों के बेतरतीब खड़े रहने से वाहन चालकों के लिए रास्ता नहीं बचता। लोगों की मांग है कि नगर निगम को ठेले वालों से ली जाने वाली 20 रुपये की पर्ची व्यवस्था तुरंत बंद कर देनी चाहिए, क्योंकि मुख्य सड़कें वाहनों के आवागमन के लिए हैं, ठेलों के लिए नहीं।

यातायात पुलिस की कोई सख्ती न होने के कारण दोपहिया और ऑटोरिक्शा चालक खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। शहर में अक्सर वाहन चालक एक हाथ से वाहन चलाते और दूसरे हाथ से मोबाइल का उपयोग करते देखे जा सकते हैं, जो लगातार हो रहे सड़क हादसों का एक बड़ा कारण है। हैरानी की बात यह है कि यातायात विभाग के बड़े अधिकारी भी अपने रूटीन राउंड के दौरान इन गंभीर लापरवाहियों को नोटिस नहीं करते हैं। शहर में सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए यातायात पुलिस की सक्रियता और सख्त कदम उठाना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

# रामनवमी उत्सव, मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़, श्री राम और मां कालिका माता मंदिर में हुई महाआरती

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



चैत्र नवरात्रि की रामनवमी शुक्रवार को रतलाम में मनाई जा रही है। श्री राम देवालयों को आकर्षक सजाया गया है। भगवान राम के दर्शन के लिए सुबह से देवालयों में भीड़ उमड़ रही है। महाआरती के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। दोपहर १२ बजे मंदिरों के पट खुलते ही जय-जय श्री राम का उद्घोष के साथ पूरा माहौल भगवान राम की भक्ति में लीन हो गया।

शहर के सैलाना रोड स्थित प्रमुख श्री राम मंदिर को आकर्षक सजाया गया। जन्मोत्सव के पहले भजन-किर्तन रखे गए। दोपहर १२ बजते ही मंदिर के पट खोल महाआरती की गई। इसके पहले नन्हें बच्चों ने ढोल-ताशे पर आकर्षक प्रस्तुति दी। बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। महाआरती के बाद प्रसादी वितरित की गई।

मां कालिका माता मंदिर परिसर स्थित श्री राम मंदिर को आकर्षक गुब्बारों से सजाया गया। यहां पर भी महाआरती कर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। ढोल-ताशे के साथ पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। धूप से बचाव के लिए मंदिर के बाहर टेंट लगाया गया। कालीन बिछाई गई। भगवान राम के दर्शन के लिए भक्तों की कतार लग गई।

### मां कालिका माता मंदिर में हुआ हवन

रामनवमी के मौके पर मां कालिका माता मंदिर पर हवन हुआ। मां कालिका मूर्ति का आकर्षक श्रृंगार किया। मंदिर को भी सजाया गया। दर्शन के लिए सुबह से बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंच रहे हैं। श्रद्धालूओं ने दर्शन कर हवन कुंड की परिक्रमा लगाई। शहर के अन्य देवालयों में भी सुबह से धार्मिक आयोजन का सिलसिला जारी है।



## रेल राजस्व बढ़ाने वाले चेकिंग स्टाफ का किया सम्मान

**रतलाम।** रतलाम रेल मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेल राजस्व वृद्धि के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल करने वाले चेकिंग स्टाफ कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित 50 लाख रुपये से अधिक आय देने के लक्ष्य को पूरा करने पर कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सम्मानित कर्मचारियों में बी.एल. मीणा (सीटीआई), राकेश यादव (सीटीआई), मनोज खरे (सीटीआई), महेंद्र शर्मा (डिप्टी सीटीआई) और हितेश अग्रवाल (डिप्टी सीटीआई) शामिल हैं। इन सभी कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक आश्विन कुमार एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिना केवलरमानी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर समस्त स्टाफ ने मंडल रेल प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। साथ ही सभी सम्मानित कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## साधना के साथ पांच दिवसीय भगवान महावीर जन्म कल्याणक उत्सव का हुआ शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



अहिंसा के अग्रदूत भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर पांच दिवसीय महोत्सव के प्रथम दिन प्रातःकाल नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में नवकार मंत्र पर ध्यान साधना का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि सकल जैन समाज के संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा ने भारतीय संस्कृति में साधना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारी गौरवशाली भारतीय परंपरा में साधना और सिद्धि का अटूट संबंध रहा है। बीज अक्षरों से निर्मित मंत्रों की शक्ति ही हमारी विभिन्न भाषाओं का आधार है। जिस प्रकार गायत्री महामंत्र और नवकार महामंत्र की निरंतर साधना से व्यक्ति को अलौकिक सिद्धि प्राप्त होती है,

उसी प्रकार भगवान महावीर के सिद्धांतों को आत्मसात करना ही सच्ची साधना है। सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने महावीर जन्म कल्याणक पर्व के पांच दिवसीय महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए समस्त समाजजनों से आह्वान किया कि वे अपनी सक्रिय सहभागिता के माध्यम से इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाएं। योग गुरु सुरेन्द्र जैन ने नवकार महामंत्र की वैज्ञानिकता और आध्यात्मिक विशेषता समझाते हुए उपस्थित साधकों को गहन ध्यान का अभ्यास कराया, जिससे पूरा परिसर शांति और एकाग्रता के केंद्र में तब्दील हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर और योग ऋषि पतंजलि के चित्रों पर सकल जैन समाज के संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा, योग गुरु सुरेन्द्र जैन, सजैस अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, महामंत्री शेखर कासमा, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, योग संस्था अध्यक्ष सीए दिनेश जैन, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री कमलेश कटारिया, महिला प्रकोष्ठ महामंत्री विनाली विनोद

## मंदसौर में भूकंप आपदा को लेकर कार्यशाला आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

जिला मुख्यालय स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के खेल परिसर में भूकंप आपदा पूर्व तैयारी एवं बचाव को लेकर एक दिवसीय विस्तृत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ वीरेंद्र सिंह जादौन के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन के मुख्य प्रशिक्षक और सिविल डिफेंस के डिप्टी चीफ वार्डन डॉ. हिमांशु यजुवेर्दी ने उपस्थित जनों को भूकंप की वैज्ञानिक संरचना, इसके आने के कारणों और इससे होने वाली संभावित क्षति के बारे में विस्तार से समझाया। प्रशिक्षण के व्यावहारिक सत्र में प्लाटून कमांडर संदीप भंवर और रब्बी काजी के नेतृत्व में एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड की टीम ने आधुनिक बचाव उपकरणों का प्रदर्शन किया। टीम ने मलबे में दबे लोगों की खोज करने, उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने और अस्पताल पहुँचाने से पूर्व दी जाने वाली सीपीआर तकनीक का जीवंत अभ्यास कराया। कार्यशाला के विशेष आकर्षण के रूप में सिविल डिफेंस टीम ने खिलाड़ियों के साथ मिलकर एक मॉकड्रिल भी आयोजित की। इसमें सिखाया गया कि यदि व्यक्ति खुले मैदान में हो, तो भूकंप के झटकों के दौरान स्वयं को कैसे सुरक्षित रख सकता है।

## सांवलिया जी दर्शन करने जा रहे श्रद्धांलुओं की कार पलटी

नीमच। जिले के जीरन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चल्दू में रात्रि 12 बजे के लगभग हाईवे पर सड़क हादसा हो गया। जिसमें सांवलिया जी जा रहे श्रद्धालुओं की कार पलटी खाई गई। अनियंत्रित कर के इस हादसे में 1 व्यक्ति की दुखद मौत हो गई द्य जबकि 2 अन्य घायल हो गए। घायलों को मामली चोट लगी है। तीनों कार सवार सीहोर जिले के आष्टा से मंडफिया सांवलिया जी दर्शन के लिए जा रहे थे द्य तभी चल्दू के यहां ड्राइवर की नींद लगने से कार पलटी खा गई । मिली जानकारी अनुसार मृतक राजकुमार पिता शुभम धनगर निवासी ग्राम बहुमूल्य खींची तहसील आष्टा जिला सीहोर बताए जा रहे है। फिलहाल पुलिस ने जीनो को अस्पताल पहुंचाया और मामला जांच में लिया है।

## लायंस की प्रेरणा से चंदा कोठारी ने लिया देहदान का संकल्प

मंदसौर। लायंस क्लब की प्रेरणा से स्थानीय निवासी चंदा स्व. घीसालाल कोठारी ने अपनी मृत्यु के पश्चात देहदान करने का निर्णय लिया है। श्रीमती कोठारी के इस निर्णय की सराहना करने के लिए लायंस क्लब ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मान-पत्र भेंट किया व उनके पुत्र चिराग कोठारी और पुत्रवधू अंजली कोठारी का भी आभार व्यक्त किया। क्लब अध्यक्ष रत्नेश कुदार ने बताया कि एक मृत देह चिकित्सा शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक ज्ञान का सबसे बड़ा स्त्रोत होती है। श्रीमती कोठारी का यह कदम समाज में व्याप्त भ्रांतियों को तोड़ने का काम करेगा और अन्य लोगों को भी मरणोपरांत परोपकार के लिए प्रेरित करेगा। इस दौरान क्लब के प्रदीप कीमती, जितेंद्र मित्तल, सुभाष बग्गा, सुनील बाफना, लोकेंद्र धाकड़, विकास अग्रवाल और डॉ. के.सी. श्रीमाल भी उपस्थित रहे।

# अंधविश्वास के जाल में फंसी बुजुर्ग महिला, चमत्कार का झांसा देकर ले गये सोने का मंगलसूत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



स्थानीय अफीम गोदाम रोड स्थित जनपद पंचायत के सामने दिनदहाड़े ठगी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहाँ बदमाशों ने एक बुजुर्ग महिला को अपनी धार्मिक बातों और कथित चमत्कार के जाल में उलझाकर उनका कीमती मंगलसूत्र लूट लिया। पीड़िता पद्मावती चौहान, जो अमलेश्वर महादेव मंदिर से दर्शन कर लौट रही थीं, उन्हें रास्ते में शातिर ठगों ने अपना निशाना बनाया। वारदात की शुरूआत तब हुई जब एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला को रोककर किसी डॉक्टर का पता पूछा और फिर धीरे-धीरे उन्हें अपनी बातों के मोहपाश में बांधना शुरू कर दिया।

ठगों ने बड़ी चतुराई से महिला को चभाग्यशालीज बताते हुए उनके हाथों से पानी पीने की इच्छा जताई और बातों-बातों में उनकी पारिवारिक समस्याओं की जानकारी निकाल ली।

विश्वास जीतने के लिए आरोपियों ने उन्हीं जानकारियों को चमत्कार की तरह पेश किया और अंधविश्वास का सहारा लेते हुए महिला को यकीन दिलाया कि उनकी परेशानियों की जड़ उनके गले में मौजूद मंगलसूत्र है। इस दौरान आरोपियों ने एक सुनियोजित नाटक रचा, जिसमें एक साथी को 81 कदम चलवाकर ईश्वरीय दर्शन होने का ढोंग किया गया। महिला को पूरी तरह अपने वश में करने के बाद, ठगों ने उन्हें मंगलसूत्र उतारकर पूजा के लोटे में रखने और बिना पीछे मुड़कर देखे 81 कदम चलने का निर्देश दिया। जैसे ही महिला ओम का जाप करते हुए आगे बढ़ीं, पहले से तैयार बाइक सवार बदमाश लोटा लेकर चंपत हो गए।

कुछ देर बाद जब महिला वापस लौटीं, तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर ली है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## विद्यार्थियों को मिलेगी बड़ी राहत, 1 अप्रैल से सजेगा भव्य पुस्तक मेला

मन्दसौर . स्थानीय संजय गांधी उद्यान स्थित पं. मदनलाल जोशी सभागार में आगामी 1 से 5 अप्रैल तक पुस्तक एवं स्टेशनरी मेले का आयोजन होने जा रहा है। कलेक्टर अदिती गर्ग के विशेष निर्देशन में आयोजित इस मेले का मुख्य लक्ष्य अभिभावकों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना और विद्यार्थियों को रियायती दरों पर पठन सामग्री उपलब्ध कराना है। जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले का समय प्रतिदिन दोप. 12 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। इस मेले की विशेषता यहाँ मिलने वाली छूट है, जिसमें निजी प्रकाशकों की पुस्तकों पर 15 प्रतिशत, सभी प्रकार की कॉपियों पर 30 प्रतिशत और स्कूल यूनिफॉर्म, टाई व मोजों पर 10 प्रतिशत की सीधी रियायत दी जाएगी। एनसीईआरटी की पुस्तकें शासन के निर्धारित नेट रेट पर ही उपलब्ध रहेंगी। इस मेले में देश के प्रतिष्ठित प्रकाशकों जैसे ऑक्सफोर्ड, पियरसन, नवनीत, नेक्स्ट एजुकेशन और मैकमिलन आदि की पुस्तकें एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्टर ने पुलिस कंट्रोल रूम में पुस्तक विक्रेता संघ के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की है, जिसमें यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि मेला अवधि के दौरान शहर की निजी दुकानों पर पुस्तकों का विक्रय बंद रहेगा ताकि मेले का लाभ सभी को मिल सके।

## सोनिया गांधी के शीघ्र स्वस्थ होने को लेकर कांग्रेसजनों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

मल्हारगढ़ ।यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया जी गांधी जिनका स्वास्थ खराब जिनका दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। कांग्रेसजनों ने गुरुवार की शाम 7.30 बजे खेडापति बालाजी मंदिर कचनारा में श्रीमती सोनियागांधी जी के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना को लेकर प्रदेश कांग्रेस सचिव परशुराम जी सिसौदिया, मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल जी शर्मा ने साथियो के साथ खेडापति बालाजी मंदिर कचनारा में पूजा अर्चना व हनुमान चालीसा का पाठ किया।इस मौके पर बाबू भाई,नगर कांग्रेस अध्यक्ष द्वय किशोर उणियारा, सुभाष पाटीदार,मंडलम अध्यक्ष कैलाश बंगारिया, कन्हैयालाल गुर्जर,कन्हैयालाल पाटीदार सूपड़ा,किशोर टेलर,अनिल मूलासिया,राहुल अहीर, सुनील भगत,पवन पाटीदार,पर्वतसिंह बोराना, राजेन्द्रसिंह चंगेरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## श्री राम नवमी महोत्सव मनाया

रतलाम। श्री अयोध्यानाथ मंदिर, गढ़ कैलाश मंदिर परिसर में राम नवमी महा महोत्सव अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। प्रभु श्री राम का अलौकिक श्रृंगार सभी के मन में बस गया । मध्यान्ह में ठीक 12 बजे जैसे ही भगवानश्रीराम के जन्म का मंगल प्रसंग आया सम्पूर्ण क्षेत्र शंख, नगाड़े, ढोल-ढमाकों की गूंज के साथ जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा।

# चेहरा छुपाकर थिएटर पहुंचीं एक्ट्रेस यामी गौतम

### बहन सुरीली के साथ देखी धुरंधर 2; अपने कैमियो रोल को देखकर शर्माईं

आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम छुपकर थिएटर में धुरंधर 2 देखने पहुंची हैं। फिल्म की सफलता के बीच एक्ट्रेस यामी गौतम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

यामी अपनी बहन सुरीली गौतम के साथ गुपचुप तरीके से सिनेमाघर में यह फिल्म देखने पहुंचीं। खास बात यह रही कि थिएटर दर्शकों से भरा हुआ था, लेकिन किसी को पता नहीं चला कि उनके बगल में खुद फिल्म की एक्ट्रेस बैठी हैं।

### पहचाने ना कोई, इसलिए छुपाया चेहरा

यामी गौतम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह थिएटर के अंदर बैठी नजर आ रही हैं। पहचान छुपाने के लिए यामी ने अपना चेहरा कवर कर रखा था। वीडियो में वह अपनी बहन सुरीली को इशारा करके चुप रहने को कह रही हैं ताकि आस-पास के लोग उन्हें पहचान न लें।

### सुरीली ने की आदित्य धर की तारीफ


यामी गौतम की बहन सुरीली गौतम ने इस फिल्म को 'मास्टरपीस' बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक बार फिर आदित्य धर को सलाम। हमें आप पर गर्व है। आपकी सफलता का जश्न मनाते हुए हम बहुत खुश हैं।

सुरीली ने अपनी बहन यामी को अपनी 'ताकत और लक' बताते हुए उन्हें ढेर सारा प्यार दिया। यामी ने भी बहन का शुक्रिया अदा किया और वीडियो में अपने कैमियो (विशेष भूमिका) को देखकर शरमाती नजर आईं।

### 8 दिनों में कमाए 1,080 करोड़

'धुरंधरः द रिवेंज' सिर्फ कमाई ही नहीं कर रही, बल्कि इतिहास रच रही है। रिलीज के महज 8 दिनों के अंदर इस फिल्म ने कुल 32 रिकॉर्ड्स तोड़ दिए हैं। फिल्म ने 8 दिनों में वर्ल्डवाइड 1,080 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। वहीं, भारत में पहले हफ्ते में फिल्म ने 674.17 करोड़ का नेट कलेक्शन और 805.32 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है।








## बेंगलुरु और हैदराबाद के बीच मुकाबले के साथ आज से शुरू होगी दुनिया की सबसे बड़ी लीग, धौनी, विराट और रोहित जैसे दिग्गजों के साथ युवा ब्रिगेड भी छाप छोड़ने को बेताब

# चौके-छक्कों के रोमांच को हो जाइए तैयार




ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

चौकों-छक्कों की गूंज, आखिरी गेंद तक सस्पेंस और हर शाम नए हीरो-इसी रोमांच के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का नया सीजन शनिवार से शुरू होने जा रहा है। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के मुकाबले के साथ क्रिकेट का यह महाकुंभ फिर रंग जमाएगा। यहां हर मैच में रिकॉर्ड टूटने और 300 के ऐतिहासिक आंकड़े को छूने की उम्मीदों ने उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया है।

दस टीमें चैंपियन बनने के लिए पूरी जान झोकेंगी। उद्घाटन मैच में बेंगलुरु के लिए खिताब बचाना चुनौती होगा। वहीं पांच बार के विजेता मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स खोई जमीन तलाशने की कोशिश करेंगे। पंजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स 19 बरस का ट्रॉफी का इंतजार खत्म करने के लिए दम लगाएंगे। राजस्थान और गुजरात दूसरी बार ट्रॉफी उठाने की कोशिश करेंगे तो लखनऊ भी खिताब चूमने की हसरत लिए होगा।

महेंद्र सिंह धौनी, किंग कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के साथ कुछ युवाओं पर भी नजर रहेगी जो अपने खेल से छाप छोड़ने में कोई कसर नहीं रखेंगे। टूनार्मेंट का उद्घाटन मैच में एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच से पहले माहौल थोड़ा गंभीर बना हुआ है। क्योंकि पिछले साल चार जून को बेंगलुरु के खिताब जीतने के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएसएसीए) और आरसीबी प्रबंधन ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति को बनाए रखने के लिए कुछ कदम उठाए हैं। केएससीए ने स्टेडियम में 11 सीटें स्थायी रूप से खाली छोड़ने की घोषणा की है।

### तीन टीमों के पास 13 आईपीएल खिताब

मुंबई, चेन्नई और कोलकाता के पास कुल मिलाकर 13 आईपीएल खिताब हैं। लेकिन पिछला सत्र तीनों के लिए अच्छा नहीं रहा था। मुंबई चौथे स्थान पर रहकर प्लेऑफ में पहुंची थी। पांच बार की चैंपियन यह टीम अपने इस प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करेगी। कोलकाता आठवें और चेन्नई दसवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने अपनी टीमों में काफी बदलाव किया है। चेन्नई ने राजस्थान के पूर्व कप्तान सैमसन को टीम में शामिल किया। साथ ही मैट हेनरी और नूर अहमद को भी टीम में जोड़ा है। कोलकाता ने साइफर्ट, एलेन, रचिन और ग्रीन को टीम में शामिल करके अपनी बल्लेबाजी को मजबूती दी है। कप्तान रहाणे शीर्ष क्रम में टीम को एकजुट रखने की भूमिका निभाएंगे। उप-कप्तान रिंकू को उस फिनिशर की भूमिका में ढलना होगा। गेंदबाजी में उनके पास चक्रवर्ती और नारायण के रूप में दो तुरुप के पत्ते हैं।

प्रसारण : 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

### विराट कोहली बनेंगे पहले नौ हजारी

बेंगलुरु के स्टार खिलाड़ी कोहली नौ हजार रन लीग में पूरे करने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं। इसके लिए उन्हें 339 रन की दरकार है। उन्होंने अब तक 267 मुकाबलों में 132.85 की स्ट्राइक रेट और 39.54 की औसत से 8661 रन बनाए हैं। इसमें आठ रिकॉर्ड शतक और 63 अर्धशतक हैं। रोहित (7046 रन) के साथ दूसरे नंबर पर हैं। इन दोनों के अलावा कोई भी सात हजार का आंकड़ा नहीं छू पाया है।

**रोहित के क्लब में होंगे शामिल :** कोहली लीग में 300 छक्के लगाने वाले तीसरे खिलाड़ी बनने से सिर्फ नौ छक्के दूर हैं। वह अब तक 291 छक्के लगा चुके हैं। क्रिस गेल (357) और रोहित शर्मा (302) लीग में तीन सौ या अधिक छक्के लगाने वाले दो खिलाड़ी हैं।

### तीन टीमों के दो-दो घरेलू मैदान

बेंगलुरु अपने दो मैच छत्तीसगढ़ के रायपुर में खेलेगी। वह तीसरी टीम है जो दो घरेलू मैदानों में खेलेगी। वह पांच मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी। पंजाब चार मैच मुल्लांपुर और तीन धर्मशाला में और राजस्थान चार जयपुर और तीन गुवाहाटी में खेलेगा।

### 14 करोड़ी प्रशांत और कार्तिक

विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक शर्मा और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर प्रशांत वीर सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ी (कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले) हैं। चेन्नई ने इन दोनों को 14.20 करोड़ की एक समान रकम में खरीदा है। धौनी (44 साल 263 दिन) लीग के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी तो वैभव सूर्यवंशी (15 साल) सबसे युवा खिलाड़ी हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

संपूर्ण समस्या का शीघ्र समाधान
ज्योतिषाचार्य पं. अमित तिवारी
हस्त रेखा एवं रत्न विशेषज्ञ
पीताम्बरा ज्योतिष अनुसंधान एवं ज्योतिष अध्ययन केन्द्र
कालसर्प दोष, पितृदोष एवं मंगलदोष का पूर्णतः निवारण
पीताम्बरा अनुष्ठान तांत्रिक विधान, महामृत्युंजय जप, रुद्रा अभिषेक नवग्रह शान्ति, जन्म पत्रिका, अंगारेश्वर, भात पूजा (मंगल शान्ति) आदि समस्त मांगलिक कार्य के लिए सम्पर्क करें
पता- ऑ. नं. 4, नगर निगम काम्प्लेक्स, केलकर परिसर के सामने, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.)
93016-45907, 99264-10008
Email-astroamit5tiwari21@gmail.com




REALMAKER
जल्दी आए जल्दी पाए एक सुंदर आशियाना अपने सपनों का घर
FLATE FOR SALE IN DEWAS ROAD UJJAIN
सिर्फ रु 11,51000 में 1 BHK FLATS
Property Features
Balcony Living Room Kichen Room Bed Room
BOOK NOW
Super Build Up Area 421 Sq. Ft.
राजेश सूर्यवंशी +918982745307
दिनेश मालवीय मो. 9981855639



देवास बदनावर फोरलेन पर नवीन प्रतिष्ठान
मेरिडियन फूड कोर्ट रेस्टोरेंट
का दादा दयालु श्री नारायण यादव के करकमलों द्वारा.....
शुद्ध शाकाहारी भोजन एवं स्वादिष्ट भोजन
MERIDIAN FOOD COURT
हमारा स्वाद....आपका विश्वास....
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
97 1344 9549
लोकेशन के लिए स्कैन करें
कुंवारिया, देवास बदनावर फोरलेन रोड, तपोभूमि से देवास तरफ 1 Km., उज्जैन


18 महापुराण (क्रमवार)
1 ब्रह्म पुराण
2 पद्म पुराण
3 विष्णु पुराण
4 वायु पुराण
5 भागवत पुराण
6 नारद पुराण
7 मार्कण्डेय पुराण
8 अग्नि पुराण
9 भविष्य पुराण
10 ब्रह्मवैवर्त पुराण
11 लिंङ्ग पुराण
12 वराह पुराण
13 स्कन्द पुराण
14 वामन पुराण
15 कूर्म पुराण
16 मत्स्य पुराण
17 गरुड़ पुराण
18 ब्रह्माण्ड पुराण


7 चिरंजीवी:
जो आज भी जीवित हैं
हनुमान
परशुराम
विभीषण
अश्वत्थामा
राजा बलि
वेद व्यास
कृपाचार्य
UNSEEN GK


श्री कृष्ण: 8 दिव्य रूप
1. बाल गोपाल
(माखन चोर)
2. कालिया मर्दन
(नाग नथैया)
3. गोवर्धन धारी
(रक्षक)
4. मुरलीधर
(प्रेमी)
5. द्वारकाधीश
(राजा)
6. पार्थसारथी
(गीता उपदेशक)
7. विश्वरूप
(विराट रूप)
8. जगन्नाथ
(कलियुग रूप)


भारत की 7 मोक्ष पुरियां
अयोध्या (राम जन्मभूमि)
मथुरा (कृष्ण जन्मभूमि)
हरिद्वार (गंगा द्वार)
द्वारका (मोक्ष द्वार)
काशी (विश्वनाथ Dham)
अवंतिका (उज्जैन - महाकाल)
कांची (दक्षिण काशी)

# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडु, सांडु, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडेंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोर्नको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, बीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्पलान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॉफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉरनेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, विकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी.एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रेक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एड्डिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद

■ वर्ष-12 अंक-142 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

न चोरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्॥

**भावार्थ** : विद्या का धन चोर चुरा नहीं सकता, राजा छीन नहीं सकता, भाई बांट नहीं सकते और यह बोझ भी नहीं बनता। खर्च करने पर यह बढ़ता ही है। यह सबसे श्रेष्ठ धन है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवारः 28 मार्च, 2026

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान रिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति॥

**भावार्थ** : आलस्य मनुष्य के शरीर का सबसे बड़ा शत्रु है। मेहनत के समान कोई मित्र नहीं है, क्योंकि मेहनत करने वाला कभी दुखी नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

### नेपाल नूतन दिशि

समीपस्थस्य नेपालस्य कनिष्ठतमः प्रधानमन्त्री बलेन् शाहः पतङ्गं स्वीकृतवान् इति सर्वेषां दक्षिण एशियायाः कृते महत्त्वपूर्णा घटना अस्ति। अस्मिन् मासे प्रारम्भे देशे आयोजितेषु निर्वाचनेषु भूस्खलनेन विजयं प्राप्य ३५ वर्षीयः बलेन् शाहः स्वदेशस्य देशवासिनां च नामधेयेन पदस्य शपथं गृहीतवान्। व्यवसायेन रैपर-गायकः बलेन् शाहः २०२२ तमे वर्षे काठमाण्डूनगरस्य मेयररूपेण नियुक्तः, अधुना तस्य राष्ट्रियस्वतन्त्रपक्षस्य प्रायः द्वितीयतृतीयभागस्य बहुमतं प्राप्तवान् इति कारणेन नेपालस्य भविष्यं तस्य हस्ते अस्ति तस्य स्वदेशस्य प्रति अगाधः प्रेम विश्वासः च अस्ति, यत तस्य गीतेषु प्रतिबिम्बितम् अस्ति । उल्लेखनीयं यत गतवर्षस्य सितम्बरमासे यदा नेपालस्य युवानः विद्रोहं कृतवन्तः तदा बलेन्शाहस्य गीतानि प्रेरणादायिनी अभवन् । हिंसकेन, परन्तु सफलेन विद्रोहेण नेपाल-सर्वकारस्य पतनम् अभवत, यत नेपोटिज्म, भ्रष्टाचारैः च पीडितम् आसीत । बालेन शाहः कतिपयेषु प्रामाणिकव्यक्तिषु अन्यतमः आसीत येषु युवानः देशस्य नेतृत्वं कर्तुं समर्थाः इति मन्यन्ते स्म, अधुना सम्पूर्णं राष्ट्रं तस्य प्रधानमन्त्रित्वेन सफलतां द्रष्टुम् इच्छति विकासमार्गे नेपालं अग्रे सारयितुं कार्यं निर्णायकं, भारताय अपि लाभप्रदम् अस्ति । समृद्धः विकासशीलः च प्रतिवेशकः केवलं भारतस्य विकासं वर्धयिष्यति। सम्प्रति प्रतिदिनं प्रायः १५०० जनाः अस्मात देशात रोजगारस्य अन्वेषणार्थं प्रवासं कर्तुं बाध्यन्ते ।

#### केन्द्रसर्वकारेण पेट्रोल-डीजलयोः आबकारीशुल्कं दश-रूप्यकाणि न्यूनीकृतम्

## राहतः - पेट्रोलस्य डीजलस्य च मूल्येषु वृद्धिः न भविष्यति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्यपूर्वे युद्धस्य कारणेन कच्चे तेलस्य मूल्यवृद्धेः निवारणाय केन्द्रसर्वकारेण पेट्रोल-डीजलयोः आबकारीशुल्कं दश-रूप्यकाणां न्यूनीकरणं कृतम् अस्ति पेट्रोलियममन्त्री हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन उक्तं यत कच्चे तेलस्य मूल्यवृद्ध्या अस्मिन् समये उपभोक्तृणां प्रत्यक्षः प्रभावः न भविष्यति।

२६ मार्च दिनाङ्के निर्गतस्य अधिसूचनानुसारं पेट्रोलस्य आबकारीशुल्कं १३ रुप्यकाणि प्रतिलीटरतः ३ रुप्यकाणि यावत न्यूनीकृतम्, डीजलशुल्कं १० रुप्यकात शून्यं यावत न्यूनीकृतम् अस्ति । मन्त्रालयेन उक्तं यत एतत शुल्कनिवृत्तिः तत्क्षणमेव प्रभावी भवति, परन्तु साधारणग्राहकानाम् उपरि प्रभावः न भविष्यति।

आबकारीशुल्कं न्यूनीकृत्य केन्द्रसर्वकारेण सार्वजनिकक्षेत्रस्य तैलकम्पनीनां उपरि पेट्रोल-डीजल-मूल्यानि वर्धयितुं दबावः न्यूनीकर्तुं प्रयत्नः कृतः अस्ति एतत पदं स्वीकृत्य सर्वकारेण खुदरातैलस्य मूल्येषु तत्कालं वृद्धेः सम्भावना निराकृता अस्ति। डीजल-विमान-इन्धनस्य निर्यातस्य उपरि सर्वकारेण शुल्कं स्थापितं अस्ति । डीजलस्य उपरि ?21.5 प्रतिलीटरं, विमाननइन्धनस्य ?29.5 प्रतिलीटरं निर्यातशुल्कं सर्वकारेण स्थापितं अस्ति।

तेलकम्पनीनां हानिः भवति स्म : पेट्रोलियममन्त्री हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन उक्तं यत अन्तर्राष्ट्रीयबाजारे कच्चे तेलस्य मूल्यं ?७० तः ?१२२ प्रति बैरल यावत वर्धितम् अस्ति। सार्वजनिकक्षेत्रस्य तैलकम्पनीनां पेट्रोलस्य प्रतिलीटरं ?२४, डीजलस्य प्रतिलीटरं ?३० इत्येव हानिः भवति । कच्चे तेलस्य मूल्यवृद्ध्या उपभोक्तृषु प्रत्यक्षः प्रभावः न भविष्यति। अनुमानं भवति यत एतेन सर्वकारीयकोषे ?१.७५ लक्षकोटिरूप्यकाणां वार्षिकराजस्वभारः भविष्यति ।

नायारा ऊजार्याः मूल्यानि वर्धितानि : निजीकम्पनी नायारा इत्यनेन पेट्रोलस्य मूल्यं ?5, डीजलस्य मूल्यं ?3 इत्येव वर्धितम्।

भोजनालयाः, कैफे च चालयितुं कष्टम्

वाणिज्यिकसिलिण्डरस्य आपूर्तिः अभावात अनेके लघुभोजनागाराः, कैफे च कार्यं कर्तुं कष्टं अनुभवन्ति । केचन पिहिताः सन्ति, एतेन तेषां कर्मचारिणः अपि प्रभाविताः सन्ति । कैफे-सञ्चालकाः स्वकर्मचारिणां संख्यां न्यूनीकृतवन्तः । आरके पुरे दिल्लीनगरस्य तमिलसंगमस्य समीपे खाद्यपेयस्य द्वौ विक्रयस्थानौ बन्दौ स्तः। कैफे-कर्मचारिणः अवदन् यत एलपीजी-आपूर्तिः कदा सुधरति इति पूवार्नुमानं कर्तुं कठिनं भवति, परन्तु अनेन तेषां गृहाणि चालयितुं कठिनं जातम्।

कर्मचारिणः अवदन् यत तेषां अन्यः आयस्य स्त्रोतः नास्ति। कर्मचारी सुनीलः अवदत यत मार्चमासस्य १२ दिनाङ्कात आरभ्य कैफे बन्दम् अस्ति, तेषां धनेन गृहं चालितम् अस्ति।

#### सज्जता :

### लघुप्रकरणेषु कारागारः न भविष्यति, प्रकरणानाम् भारः न्यूनीभवति।

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केन्द्रसर्वकारेण शुक्रवासरे लोकसभायां सार्वजनिकन्यास (प्रावधानसंशोधन) विधेयकं २०२६ प्रस्तावितं यस्य उद्देश्यं व्यापारस्य सुगमतां सुधारयितुम्, व्यापारस्य सुगमतायां च सुधारः अस्ति। लघु-तकनीकी-अपराधानां अपराध-निवृत्तिः, न्यायालयेषु भारं न्यूनीकर्तुं, व्यापार-सुलभतां वर्धयितुं च उद्दिश्य प्रमुखः प्रशासनिक-सुधारः अस्ति

संसादीयचयनितासमित्याः अनुशंसानाम् अनुसरणं कृत्वा एतत विधेयकं प्रस्तावितं । अस्मिन् ७९ केन्द्रीयकायदानानां (२३ मन्त्रालयानाम्) कुलम् ७८४ प्रावधानानाम् संशोधनस्य व्यवस्था अस्ति । विधेयकस्य परिचयं कुर्वन् केन्द्रीयवाणिज्य-उद्योगराज्यमन्त्री जितिनप्रसादा अवदत यत लघु-उल्लङ्घनानां विषये मुकदमानां परिहाराय दण्डस्य प्रावधानं प्रवर्तितम्। विधेयकेन २३ मन्त्रालयानाम् अन्तर्गतं ७९ केन्द्रीयकायदानेषु संशोधनस्य प्रस्तावः कृतः अस्ति । कुलम् ७८४ प्रावधानाः प्रस्ताविताः सन्ति, येषु ७१७ प्रावधानानाम् अपराधरहितीकरणं कृत्वा व्यापारस्य सुगमतां वर्धयितुं संशोधनं भविष्यति । सामान्यजनानाम् जीवनस्य सुगमतायै ६७ प्रावधानानाम् संशोधनं प्रस्तावितं अस्ति ।

डॉ. के. संसदीयकायार्णां मन्त्री किरेन् रिजिजुः उक्तवान् यत सर्वेभ्यः संसदसमित्याम् स्वविचारं प्रस्तुतुं अवसरः प्राप्तः।

वाहनचालनस्य अनुज्ञापत्रस्य समाप्तेः अनन्तरं ३० दिवसानां अनुग्रहकालः प्रदातुं सर्वकारः प्रस्तावति। अस्मिन् काले अनुज्ञापत्रं वैधं भविष्यति। वाणिज्य-उद्योगमन्त्रालयस्य प्रवक्तुः मते मोटरवाहनकायदे २० संशोधनं प्रस्ताविताः सन्ति ।

### अद्य एशियायाः बृहत्तमं विमानस्थानकं प्राप्तुं नोएडा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नोएडा

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी शनिवासरे जेवारनगरे नोएडा-अन्तर्राष्ट्रीयविमानस्थानकस्य उद्घाटनं करिष्यति। अधिकारिणां मते चतुर्णां चरणानां कार्यस्य समाप्तेः अनन्तरं नोएडा-विमानस्थानकं एशिया-देशस्य बृहत्तमं विमानस्थानकं भविष्यति । शुक्रवासरे प्रधानमन्त्री नोएडाविमानस्थानकस्य टर्मिनलभवनस्य धावनमार्गस्य च निरीक्षणं करिष्यति। अस्मिन् काले प्रधानमन्त्री जनसभाम् अपि सम्बोधयिष्यति। अस्मिन् काले २१ विधानसभाक्षेत्रेभ्यः जनाः उपस्थिताः भविष्यन्ति। अस्य विमानस्थानकस्य उद्घाटनानन्तरं उत्तरप्रदेशः देशस्य प्रथमं राज्यं भविष्यति यत्र पञ्च अन्तर्राष्ट्रीयविमानस्थानकानि सन्ति । प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी नोएडाविमानस्थानकस्य भूमिभङ्गं अपि कृतवान् ।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य समस्या आपको परेशान नहीं कर सकेगी।

**वृषभ** : मूड कार्यस्थल पर पूरे माहौल को खुशनुमा बना सकता है। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता

**मिथुन** : सिंगल लोग ऐसे लोगों की ओर आकर्षित होंगे, जो अच्छी कम्यूनिकेशन स्किल्स वाले हों.

**कर्क** : गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। अपनों का साथ मिलेगा। मस्तिष्क को ऊर्जा देने और उत्साहित करने की आवश्यकता होती है।

**सिंह** : सीनियर सहकर्मी और रिश्तेदार बड़ा सहयोग देंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है।

**कन्या** : किसी नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में विस्तार के योग हैं। आज एक शानदार दिन है,

**तुला** : व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। नतीजतन, कोशिश करें कि एक समय में बहुत सारी चीजों का बोझ न उठाएं।

**वृश्चिक** : कुछ लोगों के लिए नया रोमांस आपका उत्साह बढ़ाएगा। किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है।

**धनु** : आर्थिक व व्यापारिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। चंचल और रचनात्मक माहौल का स्वागत करें।

**मकर** : वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।व्यापारिक स्थिति अच्छी रहेगी। करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे।

**कुंभ** : आज शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। इस दौरान शुरू हुए समझौते और व्यापारिक अवसर सफल होने की संभावना है।

**मीन** : मन में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। यह आपकी कहानी को फिर से लिखने का मौका है।

## ज्योतिष/वास्तु

# कुंडली में मजबूत मंगल जीवन में दिलाता है अपार सफलता

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुंडली में ग्रहों की स्थिति का मानव जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण ग्रह मंगल है। वैदिक ज्योतिष में मंगल को ऊर्जा, साहस और क्रियाशीलता का प्रतीक माना जाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार, मंगल बाहरी ग्रहों में गिना जाता है, जैसे बृहस्पति और शनि।

मंगल को लाल ग्रह कहा जाता है, और यह बात आधुनिक विज्ञान से पहले ही कई वैदिक ग्रंथों में बताई जा चुकी थी। महर्षि पराशर और वराहमिहिर ने मंगल को लाल रंग का ग्रह बताते हुए इसे युद्ध, जोश और कर्म का कारक माना है। ज्योतिष में मंगल को राशि चक्र का योद्धा भी कहा जाता है। मंगल व्यक्ति के अंदर मौजूद ऊर्जा और जुनून को दशार्ता है। ग्रहों में इसे सैनिक की उपाधि दी गई है, जो सूर्य (राजा) के आदेशों को पूरा करता है।



यदि किसी की कुंडली में मंगल मजबूत हो, तो वह व्यक्ति खेल, सेना या साहस से जुड़े क्षेत्रों में आगे बढ़ सकता है। आइए जानते हैं कि यदि किसी की कुंडली में मंगल मजबूत होते हैं, जो जीवन पर उसका क्या प्रभाव देखने को मिलता है। जिन लोगों का मंगल मजबूत होता है, वे सीधे और साफ बोलने वाले होते हैं। वे अपने मन की बात बिना झिझक कह देते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी अपने वादे निभाते हैं। ऐसे लोग आत्मविश्वासी होते हैं, लेकिन कभी-कभी उनमें अहंकार भी देखा जाता है। मंगल के प्रभाव वाले लोग चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे काम पसंद करते हैं। वे आसान कामों की बजाय ऐसे क्षेत्रों में जाते हैं, जहां साहस और जोश की जरूरत होती है, जैसे सर्जन, इंजीनियर या सेना। वहीं, अगर कुंडली में मंगल कमजोर या अशुभ हो, तो व्यक्ति गलत दिशा में भी जा सकता है।

अगर मंगल लग्न का स्वामी हो तो व्यक्ति का शरीर चुस्त और फुतीर्ला होता है। ऐसे लोग ऊजार्वान और उत्साही होते हैं, लेकिन जल्दी गुस्सा भी आ सकता है। वे दूसरों पर प्रभाव जमाने और खुद को साबित करने की कोशिश करते हैं।

### मंगल का जन्म कैसे हुआ?

वेदों में मंगल को पृथ्वी का पुत्र कहा गया है, इसलिए यह जमीन-जायदाद और संपत्ति का भी कारक है। एक कथा के अनुसार, भगवान शिव के तांडव के दौरान उनके पसीने की एक बूंद पृथ्वी पर गिरी, जिससे मंगल का जन्म हुआ। मंगल को लोहितांग और अंगारक नाम से भी जाना जाता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com